पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 165

ग्वालियर, बुधवार, 4 अगस्त, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

ट्रेनिंग पर निकला हेलिकॉप्टर क्रैश

पठानकोट, एजेंसी। पठानकोट के पास मंगलवार को आर्मी का एएलएच ध्रुव हेलिकॉप्टर रणजीत सागर डैम में क्रैश हो गया है। 254 आर्मी एविएशन का यह हेलीकाप्टर ट्रेनिंग उड़ान पर था और इसके पायलट को कम ऊंचाई पर उड़ाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा था। हादसे के बाद पायलट और को-पायलट की खोज की जा रही है। हालांकि, पहले यह जानकारी मिली थी कि हादसे में दोनों सुरक्षित हैं। एनडीआरएफ और पुलिस का रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। आर्मी की एविएशन स्क्वाड्रन के ध्रुव हेलिकॉप्टर ने मामून कैंट से सुबह 10:20 बजे उड़ान भरी थी। रणजीत सागर डैम के ऊपर हेलिकॉप्टर काफी नीचे उड़ान भर रहा था और वह क्रैश हो गया। पिछले 6 महीने में दूसरी बार स्वदेशी ध्रुव हेलिकॉप्टर क्रैश हुआ है। ध्रुव हेलीकॉप्टर को भारत में ही विकसित किया गया है। इसे हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एएलएच) के लाइट कॉम्बेट हेलीकॉप्टर (एलसीएच) प्रोजेक्ट के तहत तैयार किया गया है।

शिप और गोताखोरों की मदद से तलाश जारी

हादसा पंजाब पठानकोट से सटे जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में रणजीत सागर डैम में हुआ। बोट और गोताखोरों की मदद से हेलिकॉप्टर की तलाश की जा रही है। गहराई ज्यादा होने की वजह से हेलिकॉप्टर की लोकेशन पता नहीं चल पा रही है। पंजाब सरकार का एक शिप निरीक्षण के लिए डैम में ही मौजूद रहता है। इसका इस्तेमाल डैम देखने आने वाले टूरिस्टों को भी घुमाने के लिए किया जाता है। अभी इसकी मदद से हेलिकॉप्टर को ढूंढने की कोशिश की जा रही है। रणजीत सागर डैम से पंजाब को सिंचाई का पानी और बिजली उपलब्ध कराई जाती है। यहां पावर जेनरेशन का काम पंजाब स्टेट पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड करता है। डैम का 60 प्रतिशत हिस्सा जम्मू-कश्मीर में आता है, जबकि 40त्न एरिया पंजाब में। यह डैम रावी नदी पर बनाया गया है। रावी पंजाब शाहपुर कंडी से होते हुए अजनाला और फिर पाकिस्तान जाती है। रणजीत सागर डैम के आसपास पंजाब का पठानकोट और जम्मू-कश्मीर का कठुआ जिला आता है।

6 महीने पहले भी ध्रुव हेलिकॉप्टर क्रैश हुआ था

17 अप्रैल 2020 को अपाचे हेलिकाप्टर होशियारपुर के खेतों में इमरजैंसी लैंड हुआ था। तकनीकी खराबी के कारण इसे लैंड करवाया गया था। इसमें दोनों पायलेट सुरक्षित बच गए थे। इंडियन एयरफोर्स का यह हेलिकाप्टर भी पठानकोट एयरबेस से ही उड़ा था। 25 जनवरी 2021 जम्मू-कश्मीर के कठुआ में भारतीय सेना का एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) ध्रुव क्रैश हो गया।

57000 से ज्यादा स्टूडेंट्स को 95 से ऊपर अंक, 16000 का रिजल्ट रोका

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने मंगलवार को 10वीं का रिजल्ट जारी कर दिया। सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट्स cbseresults.nic.in, cbse.gov.in पर नतीजे देखे जा सकते हैं। इस वर्ष कोई मेरिट सूची घोषित नहीं की गई है। 16,000 से अधिक छात्रों का रिजल्ट रोक लिया गया है। माना जा रहा है कि स्कूलों के डाटा नहीं मिलने के कारण रिजल्ट रोका गया है जो आने वाले दिनों में जारी कर दिया जाएगा। इस साल 57,000 से अधिक छात्रों ने 95 फीसदी से ऊपर स्कोर किया, वहीं 90 फीसदी से 95 फीसदी के बीच अंक हासिल करने वालों की संख्या 2 लाख है। कुल मिलाकर 99.04 फीसदी परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं और लड़कियों ने लड़कों की तुलना में 0.35 प्रतिशत अधिक अंक हासिल किए हैं। बोर्ड ने हाल में 12वीं कक्षा का परिणाम घोषित किया था और इसके बाद 20 लाख से अधिक छात्र

10वीं कक्षा के परीक्षा का इंतजार कर रहे थे। कोरोना महामारी के कारण इस पर परीक्षा रद्द कर दी गई थी। इसके बाद बोर्ड ने रिजल्ट का फॉर्मूला तैयार किया और रिजल्ट जारी करने की तैयारी शुरू कर दी थी। स्कूलों से डाटा बुलवाला गया था और अब परिणाम जारी कर दिया गया। परीक्षाएं नहीं होने के कारण छात्रों को रोल नंबर जारी नहीं हुए थे। पिछले दिनों बोर्ड ने रोल नंबर जारी कर दिए थे। जो छात्र अपने परिणाम से संतुष्ट नहीं हैं, उन्हें आने वाले दिनों में चुनिंदा विषयों की लिखित परीक्षा में बैठने की अनुमति होगी। सीबीएसई ने जिस तरह 12वीं कक्षा के परिणाम घोषित करने से कुछ घंटे पहले इसकी अधिकारिक सूचना दी थी। ऐसी ही संभावना जताई जा रही थी कि कक्षा 10वीं के अंतिम अंको की घोषणा से कुछ घंटे पहले बोर्ड द्वारा रिजल्ट की तारीख और समय बताया जा सकता है और ऐसा ही हुआ। छात्रों और अभिभावकों को सुझाव दिया जाता है कि वह सीबीएसई के अधिकारिक ट्विटर हैंडल पर नजर रखें।

डिजीलॉकर से मिलेगी मार्कशीट

इस साल स्टूडेंट्स को डिजीलॉकर के जरिए डिजिटल मार्कशीट दी जाएगी। इसे digilocker.gov.in से डाउनलोड करना होगा। बोर्ड की तरफ से स्टूडेंट्स को डिजीलॉकर क्रेडेंशियल्स स्स्र के जरिए दिए गए हैं। इसका इस्तेमाल कर वे अपनी मार्कशीट डाउनलोड कर सकते हैं।

शिवपुरी में बाढ़ में फंसे 1000 लोग

नई दिल्ली/शिवपुरी

बारिश और बाढ़ की वजह से देश के कई इलाकों में लोगों को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को राजस्थान और मध्य प्रदेश में हुई बारिश की वजह से हुए हादसों में 4 लोगों की मौत हो गई। उधर पटना में एक छोटा बांध टूटने से बाढ़ का खतरा बढ़ गया। दिल्ली में यमुना का जलस्तर बढ़ने की वजह से 100 झुग्गियां खाली करवाने के आदेश दिए गए हैं। उधर बंगाल के कई इलाकों में सड़कों पर नावें चल रही हैं। ग्वालियर-चंबल अंचल में सोमवार को जमकर बारिश हुई। बारिश के चलते कूनो, क्वारीं, पार्वती, महुअर और सांक नदी उफान पर हैं। वहीं चंबल का जलस्तर भी तेजी से बढ़ रहा है। कोटा बैराज से 5 हजार क्यूसेक पानी चंबल में छोड़ा गया है। इसके चलते आसपास के गांवों में अलर्ट जारी कर दिया गया है। सब तरफ हालात पानी-पानी हैं। शिवपुरी और श्योपुर जिले में स्थिति ज्यादा खराब है। श्योपुर में दो ठिकानों पर पानी में फंसे 100 लोगों को राहत और बचाव दल ने सकुशल बाहर निकाल लिया, वहीं शिवपुरी के कोलारस में बाढ़ में फंसे करीब 1000 लोगों को बचाने के लिए नेशनल डिजास्टर रिस्पांस फोर्स के साथ तीन हेलिकॉप्टरों को लगाया गया है। यहां दो गांवों के हालात ज्यादा खराब हैं। भिंड, मुरैना और शिवपुरी में बारिश के चलते मकान गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई, वहीं 6 लोग घायल हो गए।

शिवपुरी के भदैयाकुंड झरने में बहे युवक को रेस्क्यू करते गोताखोर।

श्योपुर-शिवपुरी में एनडीआरएफ ने संभाला मोर्चा

जयपुर में सोमवार शाम 6 बजे से हुई तेज बारिश के चलते चौड़ा रास्ता स्थित गोलछा सिनेमा के पास 200 साल पुराना बरगद का पेड़ जड़ समेत उखड़ गया। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। 3 कारें भी पेड़ के नीचे दब गईं, वहीं चाय की एक दुकान भी इसकी चपेट में आ गई।

शहर में सोमवार को 2 घंटे में हुई 3.6 इंच बारिश से सड़कें दरिया बन गईं और दुकानों में पानी भर गया। ऐसा हाल जौहरी बाजार, चांदपोल बाजार, गणगौरी बाजार, किशनपोल बाजार, सिरह ड्योढ़ी बाजार और चांदी की टकसाल पर देखने को मिला।

पानी में डूबी टोंक रोड से गुजरते वाहन। अजमेर रोड, ढेहर के बालाजी, बी2 बाईपास से लेकर शहर के कई इलाके पानी में डूब गए।

दिल्ली में 100 से ज्यादा झुग्गियों के डूबने का खतरा

दिल्ली में हो रही बारिश और मुख्य रूप से हरियाणा के हथिनी कुंड बैराज से पानी छोड़े जाने के कारण से दिल्ली में यमुना का पानी खतरे के निशान को पार कर गया था। ऐसे में नदी के आसपास की झुग्गियां को खाली कराकर लोगों को कैंपों में शिफ्ट करने के आदेश दिए गए हैं। यमुना के आसपास 100 से ज्यादा झुग्गी बस्तियां हैं।

दिल्ली में यमुना का जलस्तर बढ़ने से किसानों की फसलें डूब गई हैं। हथिनीकुंड बैराज से पानी छोड़ते ही यमुना पूरे वेग से बहती है।

राज्य में हो रही लगातार बारिश से सोमवार को एक और व्यक्ति की मौत हो गई। शिमला में एक व्यक्ति नदी में बह गया। प्रदेश में मानसून के दौरान अब तक 214 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें से 110 मौतें सड़क हादसों में हुई हैं। मौसम विभाग ने एक सप्ताह तक बारिश का सिलसिला जारी रहने की संभावना जताई है। प्रदेश में हो रही बारिश के चलते 218 सड़कें पूरी तरह से बंद है।

मानसून की विदाई के बाद भी बारिश के आसार

इस बार मानसून की विदाई के बाद भी अक्टूबर से दिसंबर के दौरान अच्छी बारिश हो सकती है। इस दौरान ला-नीना तूफान उभरने की अच्छी परिस्थितयां बनने की संभावना है। आईएमडी ने कहा है कि मानसून मॉडल ने अगस्त में 94 प्रतिशत से 104 प्रतिशत बारिश के संकेत दिए हैं। वहीं अगस्त-सितंबर को मिलाकर 100त्न बारिश की संभावना है।

पश्चिम बंगाल में एयरफोर्स की टीम रेस्क्यू में जुटी

बंगाल के कई इलाके बाढ़ की चपेट में हैं। दूरदराज के इलाकों में फंसे लोगों को एयरफोर्स के हेलिकॉप्टर्स से रेस्क्यू किया जा रहा है। हुगली जिले के कई इलाकों में घरों में पानी भरने की वजह से लोग छतों पर शरण लिए हुए हैं। कई जगह सड़कें पानी में पूरी तरह डूबी हुई हैं। ऐसे में लोग आवाजाही के लिए नावों का सहारा ले रहे हैं।

पटना जिले में बांध टूटा

पटना जिले में बाढ़ का संकट गहरा गया है। गंगा का जलस्तर बढ़ने से कुर्जी मोड़ के पास स्थित बिंद टोली का संपर्क टूट गया है। दरधा नदी का पानी कोल्हाचक, सतपरसा, गुलरिया बिगहा, रूपसपुर आदि इलाकों में तटबंध से ऊपर बह रहा है। पालीगंज की लोआई नदी पर एक छोटा बांध टूट गया, जिसके चलते कुछ घरों का रास्ता बंद हो गया है। वहीं फतुहा प्रखंड इलाके में बहने वाली बरसाती नदियों ने तबाही मचानी शुरू कर दी है। धोवा नदी ने जहां फोरलेन से सटे नियाजीपुर, बुद्धदेवचक, मोमिंदपुर, बरुणा व बलवा, सोनारू, सुपनचक, भिखुआ समेत कई गांवों को पूरी तरह से जलमग्न कर दिया है, वहीं मासाढ़ी पंचायत के सौतेली, बिंदौली, बीबीपुर दौलतपुर गांव को कररुआ और भुतही नदी ने चपेट में लेकर सैकड़ों बीघा धान की फसल को डुबो दिया है।



दैनिक पुष्पांजली टुडे हमेशा सत्य के साथ है और हमेशा रहेगा

खबर का हुआ असर

दुष्कर्म पीड़ित महिला को मिला न्याय महिला थाने में हुआ 376 का मुकदमा दर्ज

बृजपाल सिहं गुर्जर रिपोर्टर, पुष्पांजली टुडे

मेहगॉव -खबर भिण्ड के मेहगांव से है जहां पीड़ित महिला के साथ हुआ इंसाफ आपको बता दे 11 दिन पहले की घटना है संजय पावक नामक पटवारी के द्वारा मकान के नामांतरण के एवज में महिला से 80 हजार रुपये की मांग की गई थी जिसमे महिला के पास पैसे न होने पर पटवारी के द्वारा उसको ओरजिनल कागजो के साथ उसे अपने कमरे पर बुलाया और उसके साथ बलात्कार की घटना को अंजाम दिया जिसको लेकर महिला के द्वारा महिला थाना भिण्ड में पटवारी के खिलाप आवेदन देकर दैनिक पुष्पांजलि टुडे मे रवबर बार बार दिखाकर महिला को मिला न्याय कुछ लोगों ने गलत टिप्पणियां पुष्पांजलि हमेशा सत्ता का साथ देने पर तत्पर रहता है और हमेशा रहेगा कल 3 बजे अपराधी पटवारी मामला पंजीबद्ध किया गया भिंड महिला थाने में 376 342% 354%354व 506 अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया है यह उन लोगों के लिए सबक है किसी का साथ गलत करोगे गलत मिलेगा जैसी करनी वैसी भरनी पटवारी गलत घटना को अंजाम दिया था महिला को मिला न्याय दैनिक पुष्पांजली टुडे रहा हमेशा सत्य के साथ मेहगांव से संवाददाता बृजपाल सिंह गुर्जर की रिपोर्ट

दुखद — 16 करोड़ का इंजेक्शन नाकाम रहा

11 महीने की बच्ची की मौत; उसे दुर्लभ बीमारी थी, अमेरिका से इंजेक्शन मंगवाया था

नई दिल्ली, एजेंसी

हजारों लोगों की दुआएं और 16 करोड़ का इंजेक्शन भी 11 महीने की वेदिका शिंदे को नहीं बचा सका। रविवार रात सांस लेने में तकलीफ के बाद उसे पुणे के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में एडमिट किया गया, लेकिन देर रात उन्होंने दम तोड़ दिया। महाराष्ट्र के पिंपरी चिंचवाड़ में रहने वाले सौरभ शिंदे की बेटी को स्पाइनल मस्कुलर एट्रॉफी नाम की जेनेटिक बीमारी थी। माता-पिता ने क्राउड फंडिंग से 16 करोड़ रुपए जमा करके जोलगेन्स्मा नाम का



इंजेक्शन अमेरिका से मंगवाया था। इस बीमारी का यही अंतिम इलाज माना जाता है। वेदिका को जून में यह इंजेक्शन लगा भी दिया गया था। इसके बाद पूरा परिवार बेहद खुश था और वेदिका की कहानी सोशल मीडिया में भी खूब वायरल हो रही थी। हालांकि, यह खुशियां ज्यादा दिन नहीं टिक सकीं और रविवार रात को वेदिका ने दुनिया को अलविदा कह दिया।

इंजेक्शन पर उठे सवाल

वेदिका के इस तरह से जाने के बाद उसकी मदद करने वाले कई लोग और उसके परिवार वाले काफी सदमे में है। 16 करोड़ रुपए का इंजेक्शन देने के बाद भी वेदिका की मौत कैसे हुई इस बात को लेकर लोग सवाल उठा रहे हैं।

एसएमए बीमारी क्या होती है?

यह बीमारी शरीर में एसएमए-1 जीन की कमी से होती है। इससे बच्चे की मांसपेशियां कमजोर होती हैं। शरीर में पानी की कमी होने लगती है। स्तनपान या दूध की एक बूंद भी सांस लेने में दिक्कत पैदा करती है। बच्चा धीरे-धीरे एक्टिविटी कम कर देता है और उसकी मौत हो जाती है। ब्रिटेन में इस बीमारी से पीड़ित बच्चों की संख्या अधिक है। वहां हर साल करीब 60 बच्चों को यह जन्मजात बीमारी होती है।

संक्षिप्त समाचार

बैराड़ में हर्रई बरखेड़ी, कोलारस में पचावली गांव में भरा पानी

शिवपुरी। बैराड़ के हर्रई बरखेड़ी में हालात बेकाबू प्रशासन की टीम नहीं कर रही कोई कार्रवाई। अभी एक व्यक्ति का अतेंद्र सिंह तोमर से हुई बातचीत के बाद पता चला कि रात भर से लोग भूखे प्यासे पड़े हैं। और पानी का स्तर बढ़ता ही जा रहा है। ऐसे में अगर जल्दी उनकी मदद नहीं की गई तो कुछ भी हो सकता है। अतेंद्र से बात हुई है उसका कहना है बरखेड़ी गांव के 25 से 30 लोग बिल्कुल डूबने की कगार पर बैठे हैं । सीएम हेल्पलाइन से लेकर कलेक्टर व अन्य सभी को गांव के लोग फोन लगा चुके हैं लेकिन उनके पास कोई मदद नहीं पहुंच पाई। पचावली गांव तहसील कोलारस जिला शिवपुरी में अंदर पानी घुस चुका है पचावली गांव डूबने की कगार पर। ग्राम खरई जालिम तहसील बैराड़ जिला शिवपुरी में बाढ़ का पानी भर गया है।

जिला पंजीयक ने दी रामाधार वर्मा का भावभीनी विदाई

समारोह से भावविभोर होकर विभागीय टीम का माना आभार

शिवपुरी-शासकीय सेवा में रहकर जिला पंजीयक विभाग कें रूप में पदस्थ बैंक कॉलोनी निवासी रामाधार वर्मा के सेवानिवृत्ति अवसर पर स्थानीय होटल स्टार गोल्ड में जिला पंजीयक विभाग शिवपुरी की ओर से भावभीनी विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम से भावविभोर होकर सेवानिवृत्त हुए जिला पंजीयक रामाधार वर्मा ने अपनी समस्त पंजीयक विभाग की टीम के प्रति इस आदर भाव का आभार माना और सदैव अपनी स्मृतियों में संजोने का भरोसा दिया। इस दौरान इस विदाई समारोह में उपमहानिरीक्षक पंजीयक यू.एस.वाजपेयी ग्वालियर, ओ.पी.अम्ब जिला पंजीयक भिण्ड व प्रभारी जिला पंजीयक शिवपुरी, प्रेमनंदन बघेल जिला पंजीयक, मुरैना प्रभारी जिला पंजीयक श्योपुर, एस.एस.पाल जिला पंजीयक गुना, देवेन्द्र पुरोहित वरिष्ठ उप पंजीयक शिवपुरी, श्रीमती निशा शर्मा उप पंजीयक शिवपुरी, मानपाल सिंह व मानवेन्द्र सिंह उप पंजीयक सहित अभिभाषकगण एवं सेवाप्रदाता आदि मौजूद रहे। जिन्होंने जिला पंजीयक पद से सेवानिवृत्त हुए रामाधार वर्मा के कार्यकाल को लेकर प्रसन्नता व्यक्त की और सदैव मिले सहयोग के प्रति आभार भी माना। इस दौरान पंजीयक विभाग से जुड़े अधिकारी.कर्मचारियों व स्टाफ ने अपनी ओर से भावभीनी विदाई समारोह का आयोजन कर स्मृति चिह्न भेंट करते हुए श्री वर्मा को भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में अपने विचार रखते हुए अंत में रामधार वर्मा ने समस्त टीम के प्रति अपने इस विदाई समारोह को लेकर भावुक होते हुए सभी को आगे बढने् की बधाई दी और अपने अनुभवों को यहां सांझा किया व बताया कि किस प्रकार से पंजीयक विभाग में कार्य किया जाता है जिसमें अनेकों लोग ना-ना प्रकार के आरोप-प्रत्यारोप भी लगाते है बाबजूद इसके आप हमेशा अपने कार्य के प्रति वफादार और ईमानदार होंगें तो इस तरह की सभी बातों पर स्वतरू ही विराम लग जाता है इसलिए मैं भले ही अब सेवानिवृत्त हो रहा हूं बाबजूद इसके आप सभी का यह प्रेम और स्नेह सदैव मेरे साथ बना रहेगा। यही आशा व्यक्त करता हूं। अंत में सभी ने स्नेहभोज कर कार्यक्रम का समापन किया। इस अवसर पर श्री वर्मा का पूरा परिवार भी इस विदाई समारोह में मौजूद रहा।

शहर में बाढ़ के हालात के लिए नगर पालिका जिम्मेदार

जल ग्रहण क्षेत्र विशेषज्ञ इंजी. अवधेश सक्सेना

शिवपुरी।

शिवपुरी शहर समुद्र तल से लगभग 460-470 मीटर की ऊंचाई पर सिंधिया राजवंश द्वारा बसाया गया शहर है, रिज पर बसे होने की बजह से इस शहर में बा? आने की कोई संभावना कभी नहीं है । यमुना कछार की सिंध और कूनो नदी का जल ग्रहण क्षेत्र में शिवपुरी शहर का भूभाग आता है, दोनों जलग्रहण क्षेत्र की रिज लाइन शहर में है, हालांकि रेलवे लाइन से पूर्व दिशा का अधिकांश क्षेत्र सिंध नदी का जल ग्रहण क्षेत्र है और शहर का अधिकांश भूभाग इसी में आता है । शहर की आवादी ब?ने के साथ रिहायसी क्षेत्र में स्वाभाविक वृद्धि हुई और बेतरतीव ढंग से कालोनियां बनीं जिनमें पानी की समुचित निकासी का ध्यान नहीं रखा गया जिसके कारण लगातार तेज बारिश का पानी रास्ता न मिलने से कालोनियों में भरने लगा और स?कों से घरों में घुस रहा है । जल संसाधन और जल ग्रहण क्षेत्र विशेषज्ञ इंजीनियर अवधेश सक्सेना ने उक्त जानकारी देते हुए ये भी बताया है कि शिवपुरी शहर में विगत 100 वर्षों में 800 द्वद्व से 1000 द्वद्व तक औसत वर्षा होती रही है, लगभग 40-50 वर्ष पूर्व भी सात- सात दिन तक लगातार वर्षा होती थी लेकिन घरों में पानी घुसने जैसी स्थिति कभी नहीं आती थी । पिछले 24 घण्टे में लगभग 150 द्वद्व वर्षा होने से शहर की कालोनियों के घरों में पानी भर जाने की समस्या नगर पालिका की अनदेखी और नागरिकों की नासमझी के कारण उत्पन्न हुई है । नगरपालिका और पी डब्ल्यू डी द्वारा बनवाई गई नालियों से पार्षदों और ठेकेदारों को लाभ भले ही हुआ हो, पानी निकासी का उद्देश्य पूरा नहीं हुआ है । स?क के दोनों ओर जो नालियां बनाईं उनका स्लोप देखा ही नहीं गया कि पानी कहीं निकलेगा भी या नहीं ? मकानों का प्लिंथ नीचा होने और बिना खोदे बार बार स?कें बनाने से स?कें ऊंची कर देने से भी पानी की निकासी रुकी है । गलियाँ और मुख्य स?कें पक्की बन जाने से जमीन के अंदर पानी नहीं जा पाता, इस कारण भी पानी रुक रहा है ।

आगामी 2 दिन भी बारिश थमने की कोई उम्मीद नहीं है इसलिए प्रशासन को पानी निकासी के लिए आवश्यक मशीनरी तत्काल युद्ध स्तर पर लगा देनी चाहिए । नासमझ लोगों की सलाह से बचते हुए प्रशासन को त्वरित निर्णय लेते हुए पानी के रास्ते की रुकावटें दूर करने के लिए नगर पालिका, पी डब्ल्यू डी, पुलिस, होम गार्ड, सी आर पी एफ, आई टी वी पी, एन सी सी आदि की सेवाएं ली जानी चाहिये ।

इंजी. सक्सेना ने कहा है कि जिले के बा? वाले स्थानों पर और संभावित दुर्घटना स्थलों पर भी क?ी निगरानी की आवश्यकता है ।

केबिनेट मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने राहत बचाव कार्य को लेकर अधिकारियो को दिए निर्देश

शिवपुरी में बाढ़ के हालात, कलेक्टर एसपी ने रखी पूरे जिले पर नजर

कमिश्नर सहित आईजी,डी आईजी पहुंचे शिवपुरी

शिवपुरी।

शिवपुरी में लगातार बारिश का दौर जारी है। भारी बारिश के कारण कूनो व सिंध नदी उफान पर हैं। चार गांव पूरी तरह जलमग्न हो चुके हैं। यहां राहत कार्य के लिए तीन हेलीकॉप्टर भेजे गए हैं। वहीं एक स्वास्थ्यकर्मी के घर में पानी भर जाने से करंट फैल गया, जिससे महिला कर्मचारी की मौत हो गई है। वहीं सिंध नदी के उफान में तीन आदिवासी फंस गए हैं। जिनको रेसक्यू करने का प्रयास जारी है। शाम चार बजे करीब सीएम की घोषणा के मुताबिक तीन हेलीकॉप्टर राहत कार्य के लिए बैराड़ पहुंच चुके हैं। यहां पर हेलीकॉप्ट पहुंचने के बाद रेसक्यू आपरेशन में तेजी आई है। वहीं स्थानीय लोग भी बाढ़ में फंसे लोगों को निकालने में मदद कर रहे हैं। वहीं मध्यप्रदेश सरकार की केबिनेट मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने राहत बचाव कार्य को लेकर अधिकारियो को निर्देश भी दिए है।

श्योपुर के बाद अब शिवपुरी में भी भारी बारिश से हालात बिगड़ने लगे हैं। यहां पर श्योपुर से भी ज्यादा खराब हालात बन गए हैं। बैराड़ के चार गांव पूरी तरह जलमग्न हो चुके हैं। हालत यह है कि रेसक्यू के लिए टीमें लगी हुई हैं, इसके बाद भी सभी लोगों को सुरक्षित निकालना मुश्किल हो रहा है। ऐसे में बाढ़ में फंसे लोगों को रेसक्यू करने के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने तीन हेलीकॉप्टर भेजे गए हैं। सीएम ने इसकी जानकारी टवीट के माध्यम से दी है। और फिलहाल रेसक्यू चल रहे हैं। शिवपुरी में जारी भारी बारिश के कारण रायपुर से निकलने वाली नदियां अपने रौद्र रूप में हैं। यहां से कूनों के अलावा सिंध नदी भी निकलती है। दोनों नदियों का बहाव काफी तेज है। ऐसे में बैराड़ के अंतर्गत आने वाले गांव हर्रई, सिलपरी सहित चार गांव डूब में आ गए हैं। यह गांव पूरी तरह से जलमग्न हो चुके हैं। मामले की जानकारी लगते ही प्रशासन, पुलिस व नगर पालिका का अमला सक्रिय हुआ है। गांव में फंसे लोगों को निकालने के लिए रेसक्यू अभियान चलाया जा रहा है। लोगों को नाव की मदद से बाहर सुरक्षित निकाला जा रहा है। साथ ही लोगों को समझाईश दी जा रही है कि वह घबराएं नहीं और किसी ऊंचे स्थान पर बैठकर राहत पहुंचने का इंतजार करें।

पचास से ज्यादा परिवार फंसे :

हर्रई से सभी लोगों को निकाल लिया गया है, लेकिन बरखेड़ा व सिलपरी गांव में अब भी करीब पचास से ज्यादा परिवार फंसे हुए हैं। जिनको निकालने के प्रयास जारी हैं। शिवपुरी के हालात की जानकारी मिलने के बाद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने तीन हेलीकॉप्ट रेसक्यू आपरेशन के लिए भेजे हैं।

बजरंग दल के कार्यकर्ताओ ने फसे लोगों को निकाला

बजरंग दल संयोजक विनोद पुरी ने बताया कैलामाता राजेश्वरी रोड नई की बगिया में फसे लोगो को सुरक्षित निकाल लिया गया है। इसके बावजूद मंदिर के पास प्रसाद का ठेला लेकर फंसी महिला को भी सुरक्षित घर पहुंचा दिया गया है।

कमिश्नर, आईजी, डी आइजी पहुंचे शिवपुरी

संभागायुक्त आशीष सक्सेना, आईजी अविनाश शर्मा, डीआईजी राजेश हिंगणकर भी शिवपुरी पहुंचे। उन्होंने स्थिति का जायजा लिया। वहीं कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल द्वारा लगातार स्थिति की निगरानी की जा रही है।

जल प्रलय ने 2 दिन में दो की जान ली, गड्ढे में डूब कर मासूम की मौत

शिवपुरी।

ग्राम गोरा में हुई आदिवासी बालिका की डूबने से मौत पर यशोधरा राजे की पीड़ित परिवार से भेंट शोक जताया

सोमवार को करंट लगने से नर्स की मौत मंगलवार को बालिका डूबी

पिछले 36 घंटे से लगातार क्रम में हो रही मूसलाधार बारिश जानलेवा बन गई है। इस बारिश के चलते शिवपुरी में अब तक 2 लोगों की मौत हो गई है। जिनमें शहर के कमला गंज क्षेत्र निवासी महिला एएनएम श्रीमती सुमन लता जोशी की जहां घर में भरे पानी में उतरे बिजली के करंट के चलते मौत हो गई। वहीं मंगलवार को प्रातः कोलारस सब डिवीजन के ग्राम गोरा टीला में 2 वर्ष की मासूम बालिका का पानी से लबालब भरे गड्ढे में डूब कर निधन हो गया। पुलिस निरीक्षक संजय मिश्रा के अनुसार यह बालिका बबीता आदिवासी पुत्री शीला आदिवासी अपनी झोपड़ी के बाहर रात

उसकी मां शीला आदिवासी को न केवल हर संभव सरकारी मदद का आश्वासन देते हुए ढांढस बंधाया। बल्कि उन्होंने फौरन एसडीएम को निर्देश दिए कि प्राकृतिक आपदा राहत कोष से इस बालिका के परिवार को 4 लाख रुपए की राहत राशि दिलवाऐं। उन्होंने कहा कि मदद में कोई बिलम्ब नहीं होना चाहिए।

संभवतः लघु शंका को गई थी उसी समय झोपड़ी के पास पानी से भरे गड्ढे में गिरने से इसकी डूब कर मौत हो गई।

मंत्री यशोधरा राजे ने कहा एसडीएम तत्काल दिलाएं 4 लाख की आर्थिक सहायता

शोक जताया और दिया हर मदद का आश्वासन

गोराटीला में हुई इस बालिका की डूबने से मौत की सूचना मिलते ही बाढ़ के हालातों का जायजा लेने रात को शिवपुरी आईं कैबिनेट मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया पीड़ित आदिवासी परिवार के पास पहुंची और उन्होंने घटना पर गहरा दुख जताते हुए मृतका बबिता आदिवासी के परिवार

बाढ़ ग्रस्त इलाको में पहुंची यशोधरा राजे तीन को निकलवाया सुरक्षित

शिवपुरी।

लगातार 48 घंटे से हो रही बारिश से शिवपुरी के कई इलाके में बाढ़ जैसे हालात निर्मित हो गए है। जैसे ही शिवपुरी के हालात कैबिनेट मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया को पता लगे तो वे तत्काल शिवपुरी पहुंची और डीआईजी राजेश हिंगणकर के साथ खुद अपनी निगरानी में बिची इलाके में फंसे लोगों को सुरक्षित निकलवाया गया। वहीं केबिनेट मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने अधिकारियों के साथ बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का भ्रमण किया। श्री मंत यशोधरा राजे द्वारा लगातार स्थिति की निगरानी की जा रही है। डी आई जी राजेश हिंगणकर ने बताया

की केबिनेट मंत्री ने खुद मेरे साथ खड़े रहकर शिवपुरी के बिची ग्राम में कल से पे? पर बैठे लल्लूराम आदिवासी, लखन आदिवासी और देवेंद्र को सुरक्षित निकाल लिया गया।

1500 यात्रियों से भरी इंटरसिटी ट्रेन फंसी

शिवपुरी।

लगभग 1500 यात्रियों से भरी हुई इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन बाढ़ के पानी में फंस गई है। बताया गया है कि इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन कल से ही बाढ़ के पानी में फंसी हुई है। रेल की पटरियों पर पानी भर गया है। ट्रेन को ना तो आगे बढ़ाया जा सकता है और ना ही पीछे ले जाया जा सकता है। यात्रियों के लिए भोजन की मांग की गई है। सुबह 11ः30 बजे समाचार लिखे जाने तक यात्रियों के पास कोई मदद नहीं पहुंची गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने बताया कि शिवपुरी में बाढ़ के कारण 2 लोगों की मृत्यु हो चुकी है।

महेंद्र बौद्ध ने बताया है कि करैरा विधान सभा के ग्राम सिल्लारपुर में बाढ जैसी स्थिति बनी हुई है। गांव के बगल में बने माता के मंदिर में करीब 40 लोग फंसे होने की संभावना है।

शिवपुरी जिले की नरवर तहसील के पनघटा गांव स्थित नवोदय विद्यालय में दर्जन भर बच्चों के साथ प्रिंसिपल फंस गए थे। शिवपुरी में बाढ़ का कहर जारी,म?ीखे?ा डैम के 8 गेट खोले गए, कई इलाके जलमग्न, अलर्ट पर प्रशासन। शिवपुरी के गांव खजूरी कुंवरपुर मदन खेडी सिक्रवदा मऊ भी बाढ़। शिवपुरी शहर में त्राहि-त्राहि के हालात हैं। बारिश की शुरुआत से ही बिजली कट कर दी गई थी। अभी तक नहीं आई है। शिवपुरी शहर में राजेश्वरी रोड एवं नाई की वागिया क्षेत्र एवं मंदिरों में 4-5 फुट पानी भर गया है। नगर पालिका एवं जिला प्रशासन की ओर से फंसे हुए लोगों को कोई मदद नहीं की गई। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने बताया कि मंगलवार सुबह पिपरौधा गांव जिला शिवपुरी तहसील पोहरी से 5 लोगों का रेस्क्यू किया गया है। देर रात पेड़ पर फँसे तीनों लोग सुरक्षित हैं। उन्हें निकालने के प्रयास किए जा रहे हैं। उदय शर्मा ने बताया है कि ऐंचवाडा, जिला शिवपुरी, में सभी घर डूब गए है। सुबह 10ः00 बजे तक यहां पर लोगों की मदद के लिए प्रशासन की कोई टीम नहीं आई थी। उदय शर्मा का कहना है कि यदि तत्काल राहत नहीं भेजी गई तो अनर्थ हो सकता है।

करैरा के गांव में बाढ़- मंदिर में 40 लोग फंसे

महेंद्र बौद्ध ने बताया है कि करैरा विधान सभा के ग्राम सिल्लारपुर में बाढ जैसी स्थिति बनी हुई है। गांव के बगल में बने माता के मंदिर में करीब 40 लोग फंसे होने की संभावना है। शिवपुरी जिले की नरवर तहसील के पनघटा गांव स्थित नवोदय विद्यालय में दर्जन भर बच्चों के साथ प्रिंसिपल फंस गए थे। शिवपुरी में बाढ़ का कहर जारी, मड़ीखेड़ा डैम के 8 गेट खोले गए, कई इलाके जलमग्न, अलर्ट पर प्रशासन। शिवपुरी के गांव खजूरी कुंवरपुर मदन खेडी सिक्रवदा मऊ भी बाढ़।

नरवर में बाढ़ से बचने के लिए टावर पर चढ़े 12 लोग पानी में बह गए

शिवपुरी। जिले के नरवर में टावर पर चढ़कर रेस्क्यू टीम का इंतजार कर रहे 12 लोग पानी में बह गए। घटना नरवर के एरवन गांव की है। मीखेा डैम के दरवाजे खुलने के बाद यहां बाढ़ की स्थिति बनी। मीखेा डेम ओवरफ्लो होने पर रात के समय अचानक आठ गेट खोल दिए गए। सरकारी स्तर पर अलर्ट जारी किया गया परंतु सरकार का अलर्ट नदी किनारे गांव तक नहीं पहुंचा। कई गांवों में पानी भर गया। मौसम खराब होने के कारण इंडियन एयर फोर्स के हेलीकॉप्टर उड़ान नहीं भर पा रहे थे। शिवपुरी जिले की नरवर तहसील के के एरवन गांव में अचानक पानी भर जाने के कारण ग्रामीण घबरा गए। वह लगातार मदद की मांग कर रहे थे। उन्हें पता चला कि एअरलिफ्ट कराने के लिए हेलीकॉप्टर आने वाला है। हेलीकॉप्टर कौन के फंसे होने का पता आसानी से चल जाए इसलिए 12 ग्रामीण टावर पर चढ़ गए। इससे पहले कि किसी प्रकार की कोई मदद आप आती, सभी लोग हादसे का शिकार हो गए।

सड़क पर संकेतक बोर्ड न होने से दुर्घटनाओं की बनी रहती है आशंका

रात्रि के समय चालक नशे में छुत्त होकर दौड़ते वाहन, लगाम लगाने नहीं दिखाई देती चौहारों पर पुलिस जवान

भिण्ड। संकेतक बोर्ड सड़क के किनारे न लगे होने से वाहन चालक काफी तेज गति से वाहन चलते हुए आते जाते हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो जाती हैं। एनएच 92 पर कई ऐसे डेंजर पॉइंट हैं, जहां पर आये दिन सड़क हादसे घटित होते रहते हैं फिर भी ऐसी जगह पर संकेतक बोर्ड लगाने पर अब तक ध्यान नहीं दिया गया है। सड़क हादसों में कमी लाने के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं जिसके बाद भी रात्रि के समय चौराहों पर पुलिस दिखाई नहीं देती है जिस करण चालकों को भय नहीं है और ढ़ाबों पर बैठकर खाना खाने के साथ शराब पीते हैं फिर वाहनों को सड़क पर तेज व लापरवाही से दौड़ाते हैं और सड़क हादसों को अंजाम देकर भाग निकलते हैं, क्योंकि चौराहों पर पुलिस नहीं नजर आती जिसका फायदा इन चालकों को मिल जाता हैं। लेकिन सवाल इस बात का है कि रात्रि के समय शहर व अंचल में चौराहों पर पुलिस दिखाई नहीं देती तो शराब पीकर वाहन चालाने वालों पर कार्रवाही कैसे होगी। सबसे ज्यादा चालक रात्रि के समय शराब पीकर वाहनों को सड़क पर दौड़ाते हुए देखे जा सकते हैं अगर रात्रि गश्त शुरु कर वाहन चालकों पर नजर रखी जाये तो निश्चित ही सड़क हादसों में कमी होगी और चालाक भी शराब का सेवन नहीं करेंगे।

नहीं लगाए संकेतक बोर्ड

जिले में आये दिन सड़क हादसे घटित होते रहते हैं जिसके बाद भी डेंजरजोन, स्कूल, अस्पताल, घनी बस्तियां आदि जगह संकेतक बोर्ड नहीं लगाये गये जिस कारण वाहन चालाकों को पता नहीं चलता टर्न होना या सीधे जाना है या फिर धीमी गति से वाहन चलाना है। संकेत बोर्ड न होने से चालक अपना संतुलन खोकर सड़क हादसे घटित करने में लगे हुए हैं इसलिए जहां भी डेंजरजोन या घनी बस्तियां हैं वहां पर संकेत बोर्ड लगाने का काम शीघ्र करना चाहिए।

शहर में बने डेंजरजोन

भारौली तिराहा से लहार चुंगी, सर्किट हाउस से एमजेएस कॉलेज, इंदिरा गांधी चौराहे आदि मार्ग डेंजनजोन में हैं जहां वाहन चालकों को आगे का रास्ता दिखाई नहीं देता, इसलिए प्रशासन व जिम्मेदारों को इन डेंजरजोन पर ध्यान देना होगा तभी हादसों में कमी लाई जा सकती है।

तीन प्रकार के सड़क सुरक्षा संकेत

-अनिवार्य संकेतः ये संकेत यातायात के सरल संचालन हेतु उपयोग किये जाते हैं और सड़क उपयोगकर्ताओं को कानूनों के नियमों और प्रतिबंधों के बारे में जानकारी देते हैं। कानून के अनुसार, इन नियमों और प्रतिबंधों का उल्लंघन करना अपराध है। -चेतावनी संकेतः ये संकेत पहले से ही सड़क की खतरनाक परिस्थितियों के बारे में जागरूक करते हैं। ताकि चालक, आगे आने वाली स्थितियों से निपटने के लिये आवश्यक कार्रवाई करे।

समय-सीमा पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक सम्पन्न

भिण्ड । अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे की अध्यक्षता में समय-सीमा पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय भिण्ड के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में संयुक्त कलेक्टर वरूण अवस्थी, डिप्टी कलेक्टर महेश बडोले, सीएमएचओ डॉ अजीत मिश्रा, जिला कोषालय अधिकारी एचएन मिश्रा सहित अन्य अधिकारीगण वर्चुअल उपस्थित थे।

अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे ने बैठक में कहा कि 7 अगस्त 2021 को अन्न उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री के द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व से उनके क्षेत्रान्तर्गत बनाए गए सेक्टर एवं सेक्टर अधिकारियों के बारे में जानकारी प्राप्त की और उन्होंने निर्देषित किया कि अन्न उत्सव की तैयारी 7 अगस्त के पूर्व पूरी कर ली जाए। अन्न उत्सव से पहले राशन दुकानो पर पहुंचा कि नहीं, पीएस मशीन, बेग सहित सभी तैयारियां पूरी कर ली जाए। इसके साथ ही यह निश्चित करें कि राशन की दुकानों पर सेल्समेन रहना चाहिए। सभी एसडीएम एवं एसओ, जेएसओ सेक्टर अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक तैयारियों के संबंध में चर्चा कर लें। उन्होंने कहा कि पीएम/सीएम उदबोधन के लिए पूरी तैयारी रखे। राशन लेने आने वाले व्यक्तियों को बैठने, पीने के पानी, माईक, वर्षा के कारण टेंट इत्यादि की व्यवस्था कर ली जाए। अपर कलेक्टर ने कहा कि अंकुर कार्यक्रम के अन्तर्गत जन अभियान परिषद से पंजीयन आदि की जानकारी प्राप्त की और उन्होंने कहा कि अंकुर कार्यक्रम अन्तर्गत पौधरोपण के लिए अधिक से अधिक पंजीयन कराये। जिन्हें जिम्मेदारी दी गई है वे पूर्ण सजगता से जिम्मेदारी का निर्वहन करें। वृक्षारोपण के मामले में अपना जिला अन्य जिलो की अपेक्षा पीछे चल रहा है इसको आगे लाने की कार्यवाही करें। बैठक में आगामी 15 अगस्त 2021 स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम के संबंध में शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों से अवगत कराया और उन्होंने कहा कि जिन्हें जिस कार्य की जिम्मेदारी दी गई है, वे समय अनुसार पूर्ण करें। कार्यक्रम के अन्तर्गत कोरोना गाईडलाइन का पालन किया जाए।

आयुष्मान हितग्राही राज्य स्तरीय सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने की भिण्ड के छोटूराम से बात

भिण्ड । मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज मिंटो हॉल भोपाल में आयुष्मान हितग्राही राज्य स्तरीय सम्मेलन में आयुष्मान कार्ड वितरण कार्यक्रम के अन्तर्गत एनआईसी भिण्ड में वीडियो कॉन्फ्रेस के माध्यम से जोषीनगर भिण्ड निवासी छोटूराम से आयुष्मान कार्ड के द्वारा हुए इलाज के बारे में चर्चा की।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने छोटूराम से पूछा कि एक्सीडेट के बाद आपका पैर फैक्चर हो जाने पर आपने जिला अस्पताल में आयुष्मान कार्ड से इलाज कराया था। जिसमें आपको कोई पैसा खर्च तो नहीं हुआ। जिस पर छोटूराम ने बताया कि मैने जिला अस्पताल भिण्ड में आयुष्मान कार्ड के माध्यम से इलाज कराया जिस पर मेरा कोई पैसा खर्च नहीं हुआ और मैं अब पूरी तरह से चल फिर रहा हूँ। आयुष्मान योजना हम जैसे गरीब लोगो के लिए सहारा बन रहीं है। मैं मुख्यमंत्री यिरवराज सिंह चौहान को हृदय से धन्यवाद देता हूँ। इस अवसर पर एनआईसी भिण्ड में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अजीत मिश्रा, सिविल सर्जन डॉ अनिल गोयल सहित हितग्राही छोटूराम सहित अन्य हितग्राही जिनका आयुष्मान कार्ड से इलाज हुआ था शामिल हुए।

संक्षिप्त समाचार

दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

भिण्ड। देहात थाना क्षेत्र के आईटीआई कैम्पस निवासी एक विवाहित ने ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत दर्ज करायी है पुलिस ने मामले की जांच उपरांत ससुराल पक्ष पर दहेज एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार पुष्पा पत्नी मुकेश जोनवार उम्र 42 वर्ष निवासी आईटीआई कैम्पस भिण्ड ने बताया विगत 18 जुलाई शाम 6 बजे उसके ससुराल पक्ष के लोगों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी और दहेज की मांग की। पुलिस ने मामले की जांच उपरांत पति मुकेश, ससुर रामचरण, सास सोमवती, ननद पिंकी के विरुद्ध दहेज एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

आशा कार्यकर्ता ने अपनी मांगों को लेकर साड़ी फाढ़कर विधायक को बांधी राखी

भिण्ड। जिले की आशा कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर सदर विधायक संजीव सिंह उर्फ संजू कुशवाह को ज्ञापन दिया। उसी समय आशा कार्यकर्ता ममता राजावत ने अपने अपनी साड़ी का एक हिस्सा फाड़ कर राखी के रूप में विधायक संजीव सिंह को बांध दिया। विधायक संजीव सिंह कुशवाह उर्फ संजू ने कहा दिन निश्चित ही द्वापर में द्रोपती ने अपनी साड़ी फाड़कर भगवान श्रीकृष्ण को बांधी थी और भगवान श्रीकृष्ण ने द्रोपती की चीर हरण के समय भरपाई कर रक्षा की थी। आज कलयुग में आशा कार्यकर्ताओं में से ममता राजावत ने अपनी मांगों एवं सुरक्षा को लेकर मुझे साड़ी फाड़कर राखी के रूप में बांधी है में वचन देता हूं कि आशा बहनों की मांगों एवं सुरक्षा को लेकर कोई कोर कसर नहीं छोड़ूंगा।

मडीखेरा बांध, ककेटा बांध एवं कोटा बैराज बांध से पानी छोड़ने को लेकर अलर्ट

भिण्ड । मडीखेरा बांध, ककेटा बांध एवं कोटा बैराज बांध से पानी छोड़ा जा सकता है, जिससे सिंध नदी एवं चंबल नदी व इनकी सहायक नदियों में जल स्तर बढ़ेगा। फलस्वरूप राहत एवं सुरक्षा बचाव की दृष्टि से सिंध नदी एवं चंबल और इनकी सहायक नदियों के किनारे के आसपास के गांवों में अलर्ट की सूचना की जाना आवश्यक है। अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे ने कहा है कि जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), समस्त तहसीलदार एवं सीईओ जनपद उपरोक्त स्थिति को दृष्टिगत रखते हुये सिंध व चंबल नदी व इनकी सहायक नदियों के आसपास के गांवों में सूचना किये जाने तथा अलर्ट किया जाना सुनिश्चित करें तथा स्वयं भी उक्त स्थिति पर सतत निगरानी रखें।

वसुंधरा श्रृंगार युवा मंडल के नेतृत्व में दंदरौआ धाम में हुई आठवीं नक्षत्र वाटिका की स्थापना

नक्षत्र वाटिका कल्पवृक्ष की तरह देती है लाभ : रामदास जी महाराज

भिण्ड। वसुंधरा श्रंगार युवा मंडल के नेतृत्व में भिंड से लगभग 40 किलोमीटर दूर दंदरौआ धाम में आठवीं नक्षत्र वाटिका की स्थापना की गई इसमें सर्वप्रथम महाराज जी के द्वारा यज्ञ किया गया दंदरौआ धाम के आचार्य पंडित कृष्णा जी के द्वारा वेद मंत्र उच्चारण के साथ यज्ञ संपन्न कराया कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिले के समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे जिसमें कैंप संगठन से तिलक सिंह भदौरिया, प्रदीप सिंह भदोरिया, गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ से सत्यम सोनी, कार्यक्रम प्रभारी दीपक मिश्रा ,धर्मवीर यादव ,नरसी दद्दा, रविंद्र बघेल ,रामसाय जी आदि की उपस्थिति रही, वही महाराज जी के कर कमलों से नक्षत्र के पौधों का पूजन संपन्न हुआ एवं महाराज जी ने अपने जन्म नक्षत्र कृतिका का पौधा गूलर का रोपण किया और बताया नक्षत्र के पौधों का रोपड़ एवं उनकी परिक्रमा लगाने से ग्रहों के कुप्रभाव से बचा जा सकता है यह पौधे साक्षात ईश्वर का प्रतिरूप है जिस स्थान पर नक्षत्र वाटिका स्थापित होती है उस स्थान पर भी ग्रहों की स्थिति अनुकूल रहती है एवं इस वाटिका से कल्प वृक्ष की भांति लाभ प्राप्त होता है गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी रामचरितमानस में वृक्षों की महिमा को बताते हुए लिखा है।तहं पुनि संभु समुझिपन आसन। बैठे वटतर, करि कमलासन।। अर्थात कई सगुण साधकों, ऋषियों यहां तक कि देवताओं ने भी वटवृक्ष में भगवान विष्णु की उपस्थिति के दर्शन किए हैं।

पटवारी ने जमीन और मकान के नामांतरण के बदले मांगी, 5 हजार की रिश्वत, महिला ने नहीं दे सकी तो लूट ली इज्जत

भिण्ड। मेहगांव के खेरिया तोर हल्का पर तैनान पटवारी ने एक महिला से जमीन और मकान का नामांतरण कराए जाने के बदले में रिश्वत की मांगी। जब महिला रिश्वत देने में असमर्थ हुई तो उसने इज्जत लूट ली। इसके बाद महिला पति के साथ पुनः कागजों को लेने पहुंची तो उसे फिर से कोशिश की। इस पर महिला ने महिला थाना पहुंचकर एफआईआर दर्ज करा दी। हालांकि पटवारी फरार है। पुलिस के अनुसार खेरिया तोर गांव की 25 वर्षीय विवाहिता ने महिला थाना आकर शिकायती आवेदन दिया कि उसके साथ रेप हुआ है। पीडिता ने पुलिस को बताया कि वो गांव की अपनी जमीन व मकान का नामांतरण कराने के लिए 21 जुलाई को पटवारी संजय पावक के पास गई थी। इस समय संजय ने 5 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की थी। इस दौरान पांच हजार रुपए न होने की बात कही। जब मैंने कहा कि मेरा पति कुछ कमाता नहीं है। ऐसे में पांच हजार रुपए देना मुश्किल है। इस पर पटवारी ने अकेला पाकर अजीब मांग रख दी। इसके बाद पटवारी संजय ने मेरे साथ दुष्कर्म किया। जमीन और मकान के कागज ले लिए। इसके बाद 21 जुलाई को पुनः मैं अपने पति के साथ कागजों को लेने के लिए पटवारी के पास गई। तभी पटवारी ने किसी बहाने से मेरे पति को घर से बाहर पहुंचाया और मेरे साथ फिर से जबर्दस्ती करनी चाहीए तभी चिल्लाई और मेरे पति ने मुझे आकर बचाया। पीडिता की यह कहानी सुनने के बाद पुलिस ने पडताल की। महिला थाना प्रभारी रत्ना जैन के मुताबिक फरियादिया की शिकातय पर पटवारी संजय पावक के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज कर लिया गया है।

प्रमुख सचिव के समक्ष विधायक संजीव सिंह ने विद्युत विभाग भिण्ड की खोली पोल

बैठक में फीडर निजीकरण करने का किया विरोध, कहा उपभोक्ताओं को होगी परेशानी

भिण्ड। जिले में कई महीनों से चल रही विद्युत समस्या की समीक्षा लेने प्रमुख सचिव संजय दुबे ऊर्जा विभाग भोपाल ने भिण्ड का निरीक्षण किया। जिसके पश्चात जिला पंचायत भिण्ड में विद्युत समस्या पर समीक्षा बैठक ली। बैठक में भिण्ड विधायक संजीव सिंह, कलेक्टर सतीश कुमार पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह, जिला पंचायत सीईओ जे.के. जैन, महाप्रबंधक दिनेश सुखीजा, उपमहाप्रबंधक शुभम चौधरी मौजूद रहे।

बैठक में विधायक संजीव सिंह ने प्रमुख सचिव के समक्ष विद्युत विभाग भिण्ड द्वारा की जा रही मनमानी और अधूरे पड़े कार्यों से जनता को रही परेशानी से रूबरू कराया। विधायक संजीव सिंह ने बैठक में बताया कि भिण्ड में भिण्ड जिले में फीडरों का निजीकरण करने की तैयारी की जा रही है। जबकि भोपाल, सागर, उज्जैन जैसे महानगरों में ये निजीकरण पूर्णतः असफल रहा। मध्यप्रदेश में बकाया राशि में भिण्ड जिला चौथे स्थान पर है इससे कई ज्यादा चोरी और बकाया राशि सतना, रीवा जैसे जिलों में हैं उसमें कहीं भी निजीकरण जैसी कोई प्रक्रिया नहीं अपनायी जा रही है। निजीकरण होने से कम्पनी और ठेकेदार अपनी मनमानी करेंगे जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी होगी।

विधायक संजीव सिंह ने अपना सुझाव देते हुए कहा कि फीडरों का निजीकरण न करते हुए भिण्ड में व्याप्त विद्युत संबंधी समस्या लाइनों का सुधार, ट्रांसफार्मरों का रख-रखाव, आंकलित बिल खपत, शत प्रतिशत मीटरीकरण जैसी प्रमुख समस्याओं पर कार्य किया जाए तो क्षेत्र की जनता के साथ-साथ बिजली कम्पनी को भी लाभ होगा। उपभोक्ता कटिया नहीं डालेंगे और ट्रांसफार्मरों पर लोड नहीं बढ़ेगा। पर्याप्त बिजली मिलने से उपभोक्ता समय-सीमा में बिजली बिल भी भरेंगे। विधायक श्री कुशवाह ने अपनी बात रखते हुए आगे कहा कि विधानसभा भिण्ड में दो सबस्टेशन स्वीकृत किये जा चुके हैं एक मेला ग्राउण्ड दूसरो ग्रामीण में कचौंगरा सबस्टेशन इसकी वित्तीय स्वीकृति प्रदान की जाए, भिण्ड शहर में दो जोन कार्यरत हैं एक अतिरिक्त जोन बढ़ाया जाए साथ ही शहर में एफ.ओ.सी की गाडियां एवं लाईन स्टाफ की संख्या बढ़ाई जाए। स्टाफ कमी से क्षेत्र में बिजली शिकायतें कई दिनों तक लम्बित पड़ी रहती है। पूर्व की तरह भिण्ड में 8/5 सबस्टेशन व माधौगंज हाट में शिकायत केन्द्र थे जो बंद हैं उन्हें सुचारू रूप से पुनः प्रारंभ किया जाए जिससे समस्याओं का समय-सीमा में निराकरण हो सके। प्रमुख सचिव संजय दुबे ने समस्याओं से रूबरू होते हुए शीघ्र ही निराकरण करने के लिए निर्देशित किया साथ ही फीडर निजीकरण न करने के लिए भोपाल में बैठक ली जाएगी।

भीम नगर में निरीक्षण के वक्त अफसरों ने हटवाई अवैध कटिया

जिले सहित अंचल में बिजली चोरी करने वालों पर अब कसी जायेगी लगाम

भिण्ड। जिले में मंगलवार को अचानक प्रदेश शासन विद्युत विभाग के प्रमुख सचिव संजय दुबे एवं एमडी मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी, गणेश शंकर मिश्रा शहर के भीम नगर में निरीक्षण किया और इस दौरान ट्रांसफार्मर से अवैध कटिया डालकर बिजली चोरी करने वालों पर कार्रवाई की और लोगों को समझाइश दी गई कि बिजली चोरी नहीं करते मीटर का कनेक्शन लेकर अपने अपने घरों को रोशन करें। इसके साथ ही अफसरों ने अव्यवस्थाओं को लेकर बिजली कंपनी के अधिकारियों पर नाराजगी भी जाहिर की। निरीक्षण के दौरान जब उन्होनें स्थानीय अधिकारियों से पूछा तो सब ने चुप्पी साध ली।

यूएन में भारत

अगस्त से पूरे एक महीने के लिए भारत के हाथों में दुनिया की सबसे शक्तिशाली संस्था संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की कमान आ गई है। सोमवार से भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता संभाल चुका है और इस माह के दौरान यह समुद्री सुरक्षा, शांति स्थापना की कवायद करने और आतंकवाद पर कड़ा प्रहार करने को तैयार है। हालांकि, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष के तौर पर भारत की ताजपोशी से पाकिस्तान को डर सताने लगा है। आतंकवाद पर कड़ा प्रहार करने की भारत की नियत से डरे पाक ने उम्मीद जताई कि भारत अपने कार्यकाल के दौरान निष्पक्ष होकर काम करेगा। बता दें कि सुरक्षा परिषद के एक अस्थायी सदस्य के रूप में भारत का दो साल का कार्यकाल एक जनवरी, 2021 को शुरू हुआ। यह सुरक्षा परिषद के गैर स्थायी सदस्य के तौर पर 2021-22 कार्यकाल के दौरान भारत की पहली अध्यक्षता है। भारत अगले साल दिसंबर में फिर से सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता करेगा। अपनी अध्यक्षता के दौरान भारत समुद्री सुरक्षा, शांति रक्षा और आतंकवाद को रोकने जैसे विषयों पर ध्यान देगा तथा इन मुद्दों पर उच्च स्तरीय कार्यक्रमों की अध्यक्षता करेगा और ठोस रणनीति बनाने पर जोर देगा। भारत परिषद के भीतर और बाहर दोनों जगह आतंकवाद से लडने् पर जोर देता रहा है। हमने आतंकवाद से लडने् के प्रयासों को न केवल मजबूत किया है खासतौर से आतंकवाद के वित्त पोषण को, बल्कि हमने आतंक पर ध्यान को कमजोर करने की कोशिशों को भी रोका है। भारत अभी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का दो साल के लिए अस्थायी सदस्य है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पांच स्थायी सदस्य हैं- अमेरिका, चीन, ब्रिटेन, रूस और फ्रांस। स्थायी सदस्यों को वीटो पावर मिला हुआ है। मतलब पांच स्थायी सदस्यों में से चार सदस्य कोई प्रस्ताव पास कराना चाहते हैं लेकिन कोई एक सदस्य नहीं चाहता है तो वीटो कर सकता है और वो प्रस्ताव पास नहीं होगा। 10 अस्थायी सदस्यों के पास ये ताकत नहीं है। भारत की सदस्यता 31 दिसंबर, 2022 को खत्म होगी और इस पूरे कार्यकाल में भारत के पास दो बार अध्यक्षता आएगी। भारत को सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता तब मिली है, जब अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की वापसी हो रही है और तालिबान मजबूत होता जा रहा है। इसके साथ ही पांच अगस्त को जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म किए दो साल पूरा होने जा रहा है। पाक सरकार के लिए दोनों मुद्दे काफी अहम हैं और ऐसे में भारत के पास यूएनएससी की अध्यक्षता का जाना, उसे ठीक नहीं लगा होगा। यूएनएससी के पांच स्थायी सदस्यों में से चीन हमेशा से उसके साथ रहा है, लेकिन अगस्त महीने में सुरक्षा परिषद की किसी भी बैठक में अध्यक्ष होने के नाते भारत की अहम भूमिका होगी। ऐसे में अगस्त महीना इस लिहाज से भी अहम है। फिर से कश्मीर का राग अलापते हुए पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने आगे कहा कि क्योंकि भारत ने अध्यक्ष का यह पद संभाल लिया है, इसलिए हम उसे एक बार फिर से यह याद दिलाना चाहते हैं कि वह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के जम्मू-कश्मीर पर प्रस्तावों को लागू करे। पाकिस्तान का यह डर इसलिए भी है, क्योंकि भारत जब अध्यक्ष पद पर एक महीने के लिए रहेगा तो उसका कश्मीर को लेकर प्रोपगेंडा काम नहीं कर पाएगा। इसके अलावा, पाकिस्तान के डर की एक वजह यह भी है कि वह अफगानिस्तान में तालिबान का समर्थन करता है, जबकि भारत हमेशा वहां राजनीतिक हल निकालने की बात करता आया है और शांति का पक्षधर रहा है। ऐसे में पाकिस्तान को डर है कि अफगानिस्तान में उसकी नापाक कोशिशों को भारत अपने कार्यकाल में पूरा नहीं होने देगा। अगर अफगानिस्तान को लेकर कुछ भी अहम होता है तो यूएनएससी में भारत की अध्यक्षता मायने रखेगी। पाकिस्तान भारत को अफगानिस्तान में बाधा की तौर पर देखता आया है। भारत ने अपने एजेंडे में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई को भी प्रमुखता देने की बात कही है।

हरीश रावत ने नई टीम के साथ किया चुनाव का श्रीगणेश!

डॉ श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट

23 जुलाई को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनाए गए गणेश गोदियाल ने 27 जुलाई की शाम प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में हुए समारोह में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की प्रतिमा व शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर अपना पदभार ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि निष्ठाएं हमेशा फलती हैं। कांग्रेस के प्रति उनकी निष्ठा की वजह से ही उन्हें यह अहम जिम्मेदारी मिली है। गणेश गोदियाल बीच-बीच में गढ़वाली में भी बोलते रहे। उन्होंने कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्षों हरीश रावत ,किशोर उपाध्याय, प्रीतम सिंह से आशीर्वाद भी लिया।मात्र 13 जनपद के छोटे से उत्तराखंड में कांग्रेस अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी गणेश गोदियाल को दी गई है तो उनके साथ चार कार्यकारी अध्यक्ष बनाकर जिम्मेदारी भी हल्की कर दी गई।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल और चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ,प्रदेश समन्वय समिति के अध्यक्ष किशोर उपाध्याय ,नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह अपने अपने समर्थकों के साथ जिस तरह से पदभार ग्रहण करने के दिन सड़को पर व प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में छाये रहे उससे निश्चित रूप से भाजपा की सिरदर्दी बढ़ गई हैं। सात महीने बाद होने वाले विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत ही प्रदेश में कांग्रेस के भीतर बड़े बदलाव किये गए ताकि सत्तारूढ़ दल को एक साथ कई मोर्चों पर घेरा जा सके। उत्तराखंड में सत्ता वापसी के लिए पूरी ताकत से हाथ-पांव मार रही कांग्रेस ने व्यापक आपसी मतभेदों के बाद भी एकजुटता के साथ चुनाव लड़ने का संकेत दिया है और ऐसा करना सभी की मजबूरी भी है।

कांग्रेस के सामने सबसे बड़ी चुनौती युवा मतदाताओं को लुभाने की है,ताकि वोटबैंक के रूप में उन्हें जोड़कर सत्ता का मार्ग प्रशस्त किया जा सके। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि वे पार्टी में बहुत छोटे है,इसलिए छोटे बनकर ही काम करना चाहते है। उन्होंने पार्टी में सभी का मान-सम्मान देने और सबको जोड़ने के लिए गोंद और फेविकोल की तरह काम करने की बात कही।प्रदेश कांग्रेस प्रभारी देवेंद्र यादव ने राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी व पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के प्रति धन्यवाद प्रस्ताव रखकर व सभी के हाथ खड़े करवा कर उस प्रस्ताव को पारित करवाया। उन्होंने कहा कि पार्टी हाईकमान ने उत्तराखंड को सन 2022 के विधानसभा चुनावों के लिए एक अनुभवी व युवा जोश से भरी टीम दी है। उन्होंने कहा कि गणेश गोदियाल व प्रीतम सिंह की जोड़ी और हरीश रावत के अनुभव का लाभ पार्टी को मिलेगा। चुनाव के लिए जो तमाम कमेटियां बनाई गई हैं, उनमें अनुभव के साथ-साथ वरिष्ठता व क्षेत्रीय संतुलन भी पार्टी नेतृत्व ने बनाया है। उन्होंने कहा कि पार्टी सामूहिक नेतृत्व में चुनाव लड़ेगी व जीतेगी।

पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि उनकी सरकार की तमाम योजनाओं को भाजपा सरकार ने बंद कर दिया है। जो राज्य के लोगों के साथ छलावा है। भू-कानून पर राज्य में छिड़ी बहस के बीच हरीश ने फिर दोहराया कि सत्ता में आते ही कांग्रेस हिमाचल से भी बेहतर भू-कानून लेकर आएगी। मुफ्त बिजली के मामले में हरीश रावत ने कहा कि अगर दिल्ली जितनी आमदनी या बजट उत्तराखंड का हो जाए तो हम 100 या 200 नहीं चार सौ यूनिट बिजली मुफ्त दे देंगे।

नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह ने कहा कि उन्होंने चार वर्ष पूरी निष्ठा के साथ प्रदेश अध्यक्ष की भूमिका का निर्वहन किया है। अब उन्हें जो नई जिम्मेदारी पार्टी की ओर से दी गई है, उसे भी वह पूरी निष्ठा और लगन के साथ निभाएंगे। सदन की अवधि अब कम बची है, हम चाहकर भी जनता के सभी मुद्दों को नहीं उठा सकते, लेकिन सड़क का ऑप्शन अभी खुला है। अब सड़कों पर जाकर जनता के हितों के मुद्दों को लेकर लडेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रदेश कांग्रेस टीम एक बेहतर तालमेल के साथ काम करेगी और वर्ष 2022 के चुनाव में जीत हासिल कर सत्ता में वापसी करेगी। कांग्रेस हाईकमान द्वारा घोषित नए पदाधिकारियो का क्षेत्रवार आंकलन करे तो हरिद्वार जनपद सबसे घाटे में रहा।यहां से किसी को किसी महत्वपूर्ण पद पर एडजस्ट न किया जाना जरूर खल रहा है।पूर्व गृह राज्य मंत्री राम सिंह सैनी,डॉ संजय पालीवाल ,राजेश शिवपुरी,ओपी चौहान जैसे कुछ गिने चुनो के नाम तो है लेकिन उन्हें भी कोई शीर्ष जिम्मेदारी नही दी गई।हालांकि कांग्रेस पदाधिकारियों का एलान करके लंबे समय से चले आ रहे सियासी संकट पर विराम जरूर लग गया है। साथ ही यह भी तय हो गया है कि वरिष्ठ और अनुभवी नेता पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत की अगुवाई में ही कांग्रेस आने वाला चुनाव लड़ेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के पद पर गणेश गोदियाल और उत्तराखंड में नेता प्रतिपक्ष के रूप में प्रीतम सिंह के नाम की घोषणा की गई है। पंजाब की तर्ज पर चार कार्यकारी अध्यक्ष प्रो. जीत राम, भुवन कापड़ी, रंजीत रावत और तिलक राज बेहड़ को बनाया गया है।जबकि आर्येंद्र शर्मा को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है।चुनाव प्रचार समिति में हरीश रावत को अध्यक्ष, प्रदीप टम्टा को उपाध्यक्ष, दिनेश अग्रवाल को संयोजक बनाया गया है।इस समिति में नारायण राम आर्य, मंत्री प्रसाद नैथानी, हरीश धामी, विक्रम सिंह, नरेंद्र जीत सिंह बिंद्रा, हेमेश खर्कवाल, हाजी तस्लीम अहमद, गोदावरी थपलियाल को सदस्य बने है।

वही प्रदेश कांग्रेस कोर कमेटी में: देवेंद्र यादव को अध्यक्ष, गणेश गोदियाल, प्रीतम सिंह, हरीश रावत, किशोर उपाध्याय, प्रदीप टम्टा, काजी निजामुद्दीन, प्रकाश जोशी, करण मेहरा, नव प्रभात, राजेंद्र भंडारी, मयूख मेहर, मनीष खंडूरी, आदेश चौहान, ममता राकेश और आयेंद्र शर्मा को सदस्य बनाया गया है।

प्रदेश की समन्वय समिति में: किशोर उपाध्याय अध्यक्ष , हरीश रावत, प्रदीप टम्टा, काजी निजामुद्दीन, करन मेहरा, प्रकाश जोशी, नवप्रभात, आर्येन्द्र शर्मा, विजय सारस्वत, धीरेन्द्र प्रताप सिंह और राजीव महर्षि को सदस्य बनाया गया है।वही प्रदेश मेनीफैस्टो कमेटी में नवप्रभात अध्यक्ष, महेन्द्र पाल उपाध्यक्ष और सूर्यकांत धस्माना संयोजक बनाए गए हैं। जबकि मनोज रावत, मातबर सिंह कंडारी, फुकरान अहमद, मदन सिंह बिष्ट, मनोज तिवारी, प्रेमानंद महाजन, संजय पालीवाल, हाजी सरबरयार खान, सतपाल ब्रह्मचारी, जगतार सिंह बाजवा, लक्ष्मी राणा और नानक चन्द को सदस्य बनाया गया है।चुनाव प्रबंधन समिति में

प्रकाश जोशी को अध्यक्ष, राजेन्द्र भंडारी को उपाध्यक्ष और जयेन्द्र रमोला को संयोजक बनाया है। जबकि ज्योति रौतेला, नारायण सिंह बिष्ट, सूरज राणा, प्रशांत वर्मा, उर्मिला बिष्ट, रणजीत दास, मनोहर आर्य और सूरज प्रहरी को सदस्य बने है।प्रदेश कांग्रेस की पब्लिसिटी कमेटी में सुमीत हृदेयश को अध्यक्ष, सरोजनी कैन्थुरा को उपाध्यक्ष और राजीव महर्षि को संयोजक बनाया है। जबकि नारायण पाल, मुक्ता सिंह, केसर सिंह नेगी, गजे सिंह, हिमांशु गावा, प्रदीप तिवारी, विशाल डोभाल और अनुपम शर्मा को सदस्य बनाया है।

इसी तरह आउटरीच कमेटी में: धीरेंद्र प्रताप सिंह अध्यक्ष, प्रदीप जोशी उपाध्यक्ष और इशिता सेधा संयोजक होंगे। जबकि कर्नल मोहन सिंह रावत, सीपी शर्मा, नवतेज सिंह, मोहित उनियाल, देवेंद्र प्रताप सिंह, शांति प्रसाद भट्ट, संजीव चौधरी और संजय सिंह सदस्य होंगे।कांग्रेस की प्रशिक्षण कमेटी में विजय सारस्वत अध्यक्ष, राजपाल बिष्ट उपाध्यक्ष और इंदु मान संयोजक होंगे। जबकि राजकुमार, बिट्टू कर्नाटक, महेश प्रताप राणा, रवि बहादुर, खस्टी बिष्ट, ओपी चौहान, राजेश शिवपुरी और रमेश इंदवान सदस्य बनाए गए हैं।प्रदेश पीईसी कमेटी में गणेश गोदियाल अध्यक्ष, प्रीतम सिंह उपाध्यक्ष और सुरेंद्र सिंह नेगी संयोजक होंगे। जबकि हरीश रावत, किशोर उपाध्याय, गोविंद सिंह कुंजवाल, प्रदीप टम्टा, काजी निजामुद्दीन, करण महरा, महेंद्र सिंह महरा, केसी बाबा, प्रकाश जोशी, ममता राकेश, रणजीत रावत, नव प्रभात, मनीष खंडूड़ी, दिनेश अग्रवाल, शूरवीर सजवाण, ब्रह्म स्वरूप, हीरा सिंह बिष्ट, विजयपाल सजवाण, आर्येंद्र शर्मा, राजेंद्र भंडारी, मयूख महरा और राम सिंह सैनी सदस्य होंगे।

जनसमर्थन से हो जनसंख्या नियंत्रण

डॉ नीलम महेंद्र

उत्तरप्रदेश सरकार द्वारा जनसंख्या नियंत्रण नीति लागू करने के फैसले ने इस विषय को राजनैतिक गलियारों में चर्चा से लेकर आम लोगों के बीच सामाजिक विमर्श का केंद्र बना दिया है। राजनैतिक दल और अन्य संगठन अपने अपने वोटबैंक और राजनैतिक नफा नुकसान को ध्यान में रखकर इसका विरोध अथवा समर्थन कर रहे हैं। लेकिन अगर राजनीति से इतर बात की जाए तो यह विषय अत्यंत गम्भीर है जिसे वोटबैंक की राजनीति ने संवेदनशील भी बना दिया है।

दरअसल आज भारत जनसंख्या के हिसाब से विश्व में दूसरे स्थान पर आता है और यूएन की एक रिपोर्ट के मुताबिक 2027 तक भारत विश्व की सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बनकर इस सूची में पहले स्थान पर आ जाएगा। लेकिन क्या हमने कभी सोचा है कि जनसंख्या के विषय में पहले स्थान पर आने वाले भारत के पास इतने संसाधन और इतनी जगह है जिससे यह भारतमूमि अपने सपूतों को एक सम्मान एवं सुविधाजनक जीवन दे सके ? तो आइए इसे कुछ आंकड़ों से समझने की कोशिश करते हैं। भारत के पास विश्व की कुल भूमि क्षेत्र का मात्र 2.4 प्रतिशत है जबकि भारत की आबादी दुनिया की कुल आबादी का 16.7 प्रतिशत है। यहाँ यह बता दिया जाए कि विश्व के डेवलप्ड यानी विकसित देशों की सामूहिक जनसंख्या 17 प्रतिशत के आसपास है और अकेले भारत की जनसंख्या 16.7 प्रतिशत । इस विषय का इससे भी अधिक चिंताजनक पहलू यह है कि भारत के एक राज्य की जनसंख्या की तुलना कई देशों की कुल जनसंख्या से की जा सकती है। जैसे उत्तरप्रदेश की जनसंख्या ब्राजील, महाराष्ट्र की मेक्सिको, बिहार की फिलीपींस, पश्चिम बंगाल की वियतनाम, मध्यप्रदेश और तमिलनाडु की तुर्की, कर्नाटक की इटली के बराबर आदि। यह आंकड़े बता रहे हैं कि स्तिथि कितना गंभीर रूप ले चुकी है। ऐसे ही कुछ और दिलचस्प आंकड़ों की बात की जाए तो विश्व का सबसे अधिक क्षेत्रफल वाला देश रूस जनसंख्या के मामले में नौंवे स्थान पर है। और जो चीन जनसंख्या के मामले में पहले स्थान पर आता है वो चीन क्षेत्रफल के हिसाब से विश्व में चौथे स्थान पर आता है जबकि भारत आठवें स्थान पर। यानी भारत के पास भूमि कम है लेकिन जनसंख्या ज्यादा है। कल्पना कीजिए कि जब भारत यूएन की रिपोर्ट के अनुसार इन्हीं सीमित संसाधनों के साथ चीन को पछाड़ कर विश्व की सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन जाएगा तो क्या स्थिति होगी। क्या इन परिस्थितियों में कोई भी देश गरीबी, बेरोजगारी, अशिक्षा जैसी समस्याओं से लड़कर अपने नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार लाने की कल्पना भी कर सकता है? लेकिन इसे भारत का दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि इस देश की राजनीति उस मोड़ पर पहुंच गई है जहाँ हर विषय वोटबैंक से शुरू हो कर वोटबैंक पर ही खत्म हो जाता है। खेती किसानी हो या फिर शिक्षा स्वास्थ्य अथवा जनसंख्या जैसे मूलभूत विषय ही क्यों न हो सभी को वोटबैंक की राजनीति से होकर गुजरना पड़ता है। हमारे राजनेता अपने राजनैतिक स्वार्थ से ऊपर उठकर कुछ सोच ही नहीं पाते। विगत कुछ समय से यह देखा जा रहा है कि सत्ता धारी दल अगर किसी समस्या का समाधान खोजने के प्रयास में कोई कानून या नीति लेकर आता है तो विपक्ष उसके विरोध में उतर आता है। इस समय देश वाकई में अजीब दौर से गुज़र रहा है जहाँ समस्या से अधिक विकट देश के मौजूदा हालात हो गए हैं। क्योंकि एक तरफ देश में जनसंख्या नियंत्रण के लिए कानून लाना वर्तमान परिस्थितियों में आवश्यक प्रतीत हो रहा है तो दूसरी तरफ इस विषय का राजनीतिकरण कर बड़े पैमाने पर इसका विरोध होने की आशंका भी बनी हुई है। इसलिए जनसंख्या से संबंधित कोई भी कानून बनाने से पहले आवश्यक है कि इस विषय में जन जागरूकता लाई जाए।

इस तरह रामचरित मानस बना धर्म शास्त्र

करीब पांच सौ साल पहले तक कोई धर्म ग्रंथ हिंदी में नहीं था। सभी धर्म ग्रंथ संस्कृत में थे और चूंकि मध्य काल में शिक्षा दीक्षा का चलन काफी कम हो गया था, भक्ति भावना या धर्म श्रद्धा के लिए लोग संस्कृत विद्वानों की ओर ही ताकते थे। ऐसा कोई शास्त्र नहीं था, जो लोगों की अपनी भाषा में हो। गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरितमानस लिख कर एक समाधान दिया था, लोकिन कठिनाई यह थी कि विद्वानों और धर्माचार्यों ने इसे मान्यता नहीं दी। इसलिए धर्म भावना से भरे लोगों के मन में यह फांस अटकी रहती थी कि वे राम कथा से तो प्रेरणा ले रहे हैं लेकिन उनकी जानकारी का जो स्त्रोत है, वह धर्म शास्त्र नहीं है। क्योंकि धर्मशास्त्र तो संस्कृत में ही हो सकता है। पुरानी मान्यता है कि कोई शास्त्र अथवा ग्रंथ लोकप्रिय होने से स्वीकार्य नहीं हो जाता। स्वीकार्य वह रचना होती है जिसे विद्वतजनों ने मान्यता दी हो। तुलसीदास के मन में मानस की शुरुआत करते ही यह बात आई थी। उन्होंने हिंदी में ही रामकथा की रचना शुरू की। दो वर्ष सात महीने और छब्बीस दिन में सन् 1576 में यह रचना पूरी हुई। कहते हैं कि रचना लेकर गोस्वामी जी काशी चले गए। वहां विश्वनाथ मंदिर में पहली बार इसका पाठ किया। वहां पंडितों ने रचना को सराहा तो सही लेकिन संस्कृत में नहीं होने की वजह से इसे काव्य की मान्यता नहीं दी।

गोस्वामीजी इससे क्षुब्ध हो गए। मानस के संबंध में प्रचलित किवदंतियों के अनुसार काशी विश्वनाथ मंदिर में रखे जाने के बाद ग्रंथ पर सत्यम, शिवम सुंदरम के साथ भगवान शिव का नाम लिखा मिला। अनुश्रुति के अनुसार यह काशी विश्वनाथ की स्वीकृति थी। लेकिन इस कहानी को मनगढंत माना गया है। रामचरितमानस के संबंध में इस तरह की कितनी ही कहानियां प्रचलित है जो उसकी महिमा को व्यक्त करती है। जैसे एक तो यही कि रामचरित मानस को चुराने के लिए चोर गए, वहां तुलसी की कुटिया में राम और लक्ष्मण पहरा देते हुए दिखाई दिए। इस तरह की तमाम किवदंतियों के बावजूद मानस को शास्त्र की मान्यता नहीं मिली थी। उस समय के प्रसिद्ध रामभक्त संत नाभादास ने मानस के महत्व को समझा और इस ग्रंथ को लेकर विद्वानों के पास गए। स्वामी ज्ञानानंद, हरीराम तर्कवागीश, गदाधर भट्टाचार्य, विश्वेश्वर सरस्वती, माधव सरस्वती, नारायण तीर्थ आदि विद्वानों ने रामचरित मानस को देखा पढ़ा और सराहा, किंतु उसे शास्त्र की मान्यता देने में असमर्थता जताई। असमर्थता इसलिए कि इनमें से कोई भी विद्वान रामचरितमानस पर टिप्पणी करता तो यह उसकी अपनी राय होती।

हरीराम तर्कवागीश ने राय दी कि प्रयाग पुंभ के समय सभी संतजन और विद्वान एकत्रित होंगे। ग्रंथ को उनके सामने रखा जाए, सभी संत और धर्माचार्य विचार करें फिर इस संबंध में सर्वसम्मति से इस विषय में कोई निर्णय लिया जाए। पुंभ पर्व में अभी सात वर्ष की देर थी। इसलिए साल भर बाद 1577 में होने वाले समष्टि समारोह (संत समागम) पर अर्धपुंभ पर उस बारे में विचार की बात सोची गई।

नीतिवाक्यामृत में गुप्तचरी कितने प्रकार की होती हैं

अरविन्द प्रेमचंद जैन

वर्तमान में जासूसी कांड की बहुत चर्चा हैं, जिसके कारण सरकार के साथ विपक्षी और प्रभावित व्यक्ति परेशान हैं।आजकल जासूसी के तौर तरीके नयी तकनिकी के कारण बदल गए पर इनका मुख्य उद्देश्य शासन प्रशासन और विशेष लोगों को सचेत करना और शासक को कैसे बलशाली, प्रभावशाली बनाया जाय यह प्रमुखता रहती हैं।इसके अलावा शासन की कमियों का फर्दाफाश करना और भेदियों की जानकारी से दुशमन की गतिविधियों को उजागर करना। परन्तु जासूसी कांड ने बाह्य देश के गुप्तचरों नेअपने देश में सेंधमारी हैं जो हमारे तंत्र की विफलता का घोतक हैं।

हर देशमें हर राजा की तीसरी आँख गुप्तचर होते हैं।जितने शक्तिशाली राजा उससे अधिक प्रभावकारी गुप्तचर होते हैंद्ब जैसे हमारे देश में रॉ जो विदेशों के लिए होती हैं और सी बी आई, इनकम टैक्स, सेल्स टैक्स, राष्ट्रीय स्तर की होती हैं राज्य स्तर में लोकायुक्त, एस ?फ़ टी आदि तो स्थानीय स्तर पर एल आई बी और मुखबिर होते हैं।इनके माध्यम से स्थानीय, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली नैतिक और अनैतिक कार्यविधियां पर निगाह रखते हैं और अपराध सिद्ध होने पर दण्डित करते हैं।इसके अलावा हर विभाग की अपनी अपनी निगरानी समितियाँ होती हैं।यानी इन संस्थाओं से कोई भी नागरिक छुप/बच नहीं सकता हैं

गुप्तचरों के लक्षण

स्वपर मंडल कार्यावलोकने चाराश्चाक्षुणषि क्षितिपातीनाम।(1/14)

स्वदेशः परदेश सम्बन्धी कार्य -अकार्य का ज्ञान करने के लिए गुप्तचर राजाओं के नेत्र हैं।

गुप्तचर के गुण और वेतनः अलौल्या ममानघयाम मृषाभाषितुमभ्युःकर्तुम चेती चारगुणाः। (2/14) संतोष, आलस्य का न होना, सत्यभाषण और तर्कणा शक्ति या विचार शक्ति हे गुप्तचरों के गुण हैं।तुष्टिदानमेव चारणाम वेतनम (3/14)कार्य सिद्धि हो जाने के बाद रहा द्वारा संतुष्ट पर्यन्त पुरूस्कार देना ही गुप्तचरों का वेतन हैं।ते ही तल्लोभात स्वामिकार्येष्वतीव त्वरंते । (4/14)निःसंदेह वे संतोषजनक पुरुस्कार के लोभ से स्वामी का कार्य विशेष शीघ्रता के साथ करते हैं ।अनवसरपों ही राजा स्वैः परेश्चातिसंधीयते। (6/14)निश्चय से गुप्तचर -हीन राजा स्वदेश और प्रदेश सबधी शत्रुओं से वंचित किया जाता हैं।किमस्तियामिकस्य निशि कुशलम (7/14)छात्र कापाटिकोदास्थित -गृहपति -वैदेहिक -तापस -किरात --यापट्टिका हितुनिदक -शौंडिक -शौभिक -पाटच्चर -विट-विदूषक -पीठमर्द --नर्त्तक -गायन -वादक -वाग्जीवन -गणक -शकुनिक -भिषगेंद्रजालिक-नैमित्तिक -सुदारालिक -संवाहक -तीक्ष्ण -क्रूर -रसद -जड़ -मूक -बधिरान्धछद्मअवस्थाययीभेदनावसर्पवर्गः (8/14)गुप्तचरों के निम्म प्रकार 34 भेद हैं --- उन कुछ अवस्थायी अर्थात राजा अपने ही देश इ मंत्री -आदि की जाँच पड़ताल के लिए नियुक्त करता हैं और कुछ यायी अर्थात जिन्हे शत्रु -राजा के देश भेजा जाता हैं, होते हैं ---छात्र, कापाटिक,उदास्थित,गृहपति, वैदेहिक, तापस, किरात, यमपट्टिक, अहितुण्डिक, शौंडिक, शौभिक, पाटच्चर,विट, विदूषक,पीठमर्द, नर्तक, गायन, वादक, वागजीवन,गणक, शाकुनिक, भिषग, ऐंद्रजालिक, नैमित्तिक, सूद, आरालिक, संवाहक, तीक्ष्ण, क्रूर, रसद, जड़, मूक , बधिर और अंध आदि।परममर्ज्ञ प्रगलभश छात्रः (9/14)शत्रु के गूढ़रहस्य का ज्ञाता और प्रतिभाशाली गुप्तचर छात्र हैं।यं कमपि समयमास्थय प्रतिपन्न छात्र वेशकः कापाटिक (10/14)जिस किसी भी सप्रदाय के शास्त्र को पढ़कर छात्र -वेश इ रहने वाले गुप्तचर को कापाटिक कहते हैं.प्रभूतांतेवासी प्रज्ञातिशययुक्तो राज्ञा परिकल्पितवृत्तिरुदास्थितः (11/14)बहुत सी मित्रमंडली -सहित, तीक्ष्णबुद्धियुक्त तथा जिसकी जीविका राजा द्वारा निश्चित की गई हो ऐसा गुप्तर उदास्थित हैं।

गृहपति वैदेहिकी ग्रामकुटश्रेष्ठानौ (12/14)

कृषक के वेश में रहने वाला गुप्तचर गृहपति और सेठ के वेश इ रहनेवाला गुप्तचर वैदेहिक

हैं।

वाह्यव्रत विद्याभ्यां लोकदभहेतुस्तापसः (13/14)

दिखावटी व्रत (अहिंसा-आदि)और दिखावटी विद्या द्वारा लोगों को ठगने वाला सन्यासी वेश युक्त उपचार तापस हैं

अल्पाखिलशारीरावयव किरातः।(14/14)

जिसके सस्त शारीरिक अंगोपांग (हस्त -पाद) कद में छोटे हो वह किरात हैं।

यामपट्टिको गल त्रोटक प्रतिग्रहं चित्रपटदर्शी वा (15/14)

प्रत्येक गृह में जाकर चित्रपट दिखानेवाला अथवा गला फाड़कर चिल्लाने वाला कोटपाल वेशो गुप्तचर यमपट्टिक हैं अहितुंडिकाःसर्पक्रीड़ाप्रसरः (16/14)

सांप क खेल दिखाने वाला सपेरा का वेश में रहने वाला गुप्तचर अहितुण्डिक हैं।

शौंडिक कल्यपाल ≠(17/14)

शराब को बेचने वाला गुप्तचर शौंडिक हैं

शौभिकः क्षपयाम काण्डपातवरणेन नानारूपदर्शी (18/14)

रात्रि के अवसर पर पर्दा डालकर विवध भांति का रूप प्रदर्शित करने वाला बहुरुपिया गुप्तचर हैं।

पाटच्चरश्चौरो बंदीकारो वा (19/14)

चोर अथवा बंदी के वेश में वर्तमान गुप्तचर पाटच्चर हैं

व्यसनिनाम प्रेषणाजीवी विट।(20/14)

वेश्या-लम्पट आदि व्यसनी पुरुषों को वैश्याओं-आदि के घर पहुंचाकर जीविकोपार्जन करने वाले को विट कहते हैं।

सर्वेषाम प्रहसनपात्रं विदूषकः (21/14)

सब की हंसी का पात्र विदूषक हैं।

कामशास्त्राचार्याः पीठमर्दिकाः (22/14)

काम शास्त्र का आचार्य गुप्तचर पीठमर्दक हैं

गीताङ्गपट प्रावरणेन नृत्यवृत्त्यजीवी नर्तकों नाटकाभिनयनरंगनरतको वा।(23/14)

जो गुप्तचर संगीत में सहायक वस्त्रों से सुसज्जित होकर नृत्यकला के प्रदर्शन द्वारा अपनी आजीविका चलाने वाला हो अथवा नाटक -नाटिका के अभिनय इ रंगभूमि पर नृत्यकला प्रदर्शित करने वाला हो उसे नर्तक संज्ञा कहते हैं।

रूपजीवावृत्त्युदेष्टा गायकः।(24/14)

वेश्याओं की जीविका के कारण नृत्य, गान का उपदेश करने वाला गायक हैं।

गीतप्रबंधगतिविशेष वादक चतुर्विघातप्रचारकुशलो वादकः (25/14)

गीत सम्बन्धी प्रबंधों की गति विशेष को बजाने वाले और चार अर्थात तत,अवनद्ध घन सुषिर (मृदंग) आदि वाद्य बजाने की कला को प्रवीण गुप्तचर वादक हैं।

वाग्जीवी वैतालिकाः सूतो वा (26/14)

कविता व कथा आदि अपनी वाणी द्वारा जीविका निर्वाह करने वाला चारण -भाटआदि वैतालिक हैं अथवा कथावाचक वैतालिक हैं।

गणकः संख्याविद दैवज्ञों वा (27/14)

गणित -वेत्ता अथवा ज्योतिषी गुप्तचर गणक हैं।

शाकुनिकः शकुनवाक्ता (28/14)

प्रिय -अप्रिय सगुन बताने वाला शाकुनिक हैं।

भिषगायुर्वेदाविद्वैद्यः शास्त्रकारमविच्च (29/14)

अष्टांग आयुर्वेद का ज्ञाता और शस्त्रचिकित्सा में प्रवीण वैद्य भिषग हैं।

ऐंद्रजालिकस्तंत्रयुक्ता मनोविस्मयकारो मायावी वा (30/14)

जो गुप्तचर तंत्रशास्त्र में कही हुई युक्तियों द्वारा मन को आश्चर्य उतपन्न करने वाला हो अथवा मायाचारी हो वह ऐंद्रजालिक हैं।

स्वरा भास्कर ने किया अपनी नई फिल्म का ऐलान

अभिनेत्री स्वरा भास्कर अब तक कई सफल फिल्मों में काम कर चुकी हैं। अपने अभिनय से वह दर्शकों का दिल जीतने में कामयाब रही हैं। अब स्वरा ने अपनी नई फिल्म मिमांसा की घोषणा कर दी है। खास बात यह है कि वह इस फिल्म में जांच अधिकारी की भूमिका निभाने जा रही हैं। स्वरा ने बताया कि यह फिल्म उनके लिए बेहद खास है। स्वरा ने मिमांसा नामक एक मर्डर मिस्ट्री में दिखाई देंगी, जिसमें अभिनेता बिजेंद्र काला भी प्रमुख भूमिका में हैं। फिल्म में स्वरा एक जांच अधिकारी की भूमिका निभाती दिखेंगी।इसकी शूटिंग भोपाल में हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, स्वरा ने कहा कि फिल्म की शूटिंग का अनुभव उनके लिए नया था। फिल्म की शूटिंग के दौरान के दौरान वह अपने कैरेक्टर में डूब गई थीं और उन्हें उम्मीद है कि फिल्म देखते वक्त दर्शक भी इस फिल्म में डूब जाएंगे।

स्वरा ने कहा, यह फिल्म मेरे लिए बेहद खास है, क्योंकि लॉकडाउन खत्म होने के बाद यह पहली ऐसी फिल्म है, जिसकी मैंने शूटिंग की। इससे मुझे अपने काम के प्रति कृतज्ञता की भावना बरकरार रखने में मदद मिली। उन्होंने कहा, इस बारे में ज्यादा कुछ बोले बगैर मैं बस यह कहने जा रही हूं कि फिल्म आपको एक रहस्यमय यात्रा पर ले जाएगी। यह एक शानदार मर्डर मिस्ट्री है। इसे देख आप सोचने पर मजबूर हो जाएंगे। इस फिल्म का निर्देशन गगन पुरी ने किया है। यह मोफी और केपी प्रोडक्शन के बैनर तले बन रही है। पुरी ने इस पर बात करते हुए कहा, हमने फिल्म में सस्पेंस को बनाए रखने की हरमुमकिन कोशिश की है। स्वरा भास्कर और बिजेंद्र जैसे प्रतिभाशाली कलाकारों की मौजूदगी ने हमारी इस फिल्म में चार चांद लगा दिए हैं। फिलहाल फिल्म के पोस्ट प्रोडक्शन का काम चल रहा है। यह इस साल के अंत में रिलीज हो सकती है। स्वरा जल्द ही शॉर्ट फिल्म शीर कोरमा में नजर आएंगी। इसमें शबाना आजमी और दिव्या दत्ता भी अहम भूमिका निभा रही हैं। फिल्म के निर्देशक फराज आरिफ अंसारी ने किया है। मारिज्के डिसूजा इस फिल्म के निर्माता हैं।

महेश बाबू ने छोड़ दी नितेश तिवारी की फिल्म रामायण?

पिछले काफी समय से यह चर्चा थी कि निर्देशक नितेश तिवारी अपने ड्रीम प्रोजेक्ट रामायण में साउथ के सुपरस्टार महेश बाबू को साइन करने वाले हैं। वह फिल्म में भगवान राम की भूमिका के लिए निर्देशक की पहली पसंद थे, लेकिन अब जो खबर आ रही है, उससे बेशक अभिनेता के फैंस का दिल टूट जाएगा। दरअसल, महेश बाबू ने इस फिल्म का हिस्सा बनने से इनकार कर दिया है। इसके पीछे क्या कारण है, आइए जनाते हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक महेश बाबू ने राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक नितेश तिवारी की फिल्म रामायण से किनारा कर लिया है। दरअसल, उन्होंने निर्देशक एस.एस राजामौली की एक एक्शन फिल्म साइन कर ली है। कहा जा रहा है कि वह इस फिल्म के लिए रामायण से पहले ही हां कर चुके थे। राजमौली की फिल्म और रामायण दोनों की ही शूटिंग 2022 के सेकेंड हाफ में होनी थी। लिहाजा महेश बाबू ने रामायण से हाथ पीछे खींच लिए।

रामायण को 3डी फॉर्मेट में रिलीज किया जाएगा। इसे काफी बड़े स्तर पर बनाए जाने की योजना है। फिल्म में भगवान राम की भूमिका के लिए महेश बाबू का नाम लगभग फाइनल था। इसके लिए निर्माता-निर्देशक साउथ के किसी बड़े स्टार को साइन करना चाहते थे। फिल्म के लिए महेश बाबू से संपर्क किया गया था। उन्होंने इसका हिस्सा बनने के लिए रजामंदी भी दे दी थी, लेकिन अब वह इससे बाहर हो गए हैं। राजमौली की फिल्म में एक्शन से लेकर रोमांच, ड्रामा सबकुछ देखने को मिलेगा। अफ्रीका के जंगलों में इसकी कहानी बुनी गई है। राजमौली के पिता और दिग्गज लेखक केवी विजयेंद्र प्रसाद ने इस फिल्म की कहानी लिखी है। फिल्म का नाम अभी तय नहीं हुआ है, लेकिन यह एक ऐसे विषय पर है, जिस पर भारतीय सिनेमा में इससे पहले कभी कोई फिल्म देखने को नहीं मिली। फिल्म में वीएफएक्स पर भी अच्छा-खासा पैसा लगाया जा रहा है। भारत एने नेनु और महर्षि फेम महेश बाबू इन दिनों अपनी फिल्म सरकारू वारी पाटा की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस फिल्म की शूटिंग का एक शेड्यूल हाल ही में दुबई में खत्म हुआ है। वह बायोग्राफिकल एक्शन फिल्म मेजर को लेकर भी सुर्खियों में हैं।

कपड़े धोते समय हर किसी के सामने आती हैं ये समस्याएं, जानिए छुटकारा पाने का तरीका

कपड़े धोना एक सामान्य काम है, लेकिन कपड़े धोते समय लगभग हर किसी को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। जैस कभी नए कपड़े का रंग निकल जाता है तो कभी एक कपड़े का रंग दूसरे पर चढ़ जाता है आदि। हो सकता है कि आपके साथ भी कभी न कभी ऐसा हुआ हो। इसलिए आज हम आपको कपड़े धोने से जुड़ी ऐसी ही कुछ सामान्य समस्याओं और उन्हें दूर करने के तरीके बताने जा रहे हैं।

कपड़ों का सिकुड़ना: अगर आपको मशीन में किसी कपड़े को धोने के बाद उसका साइज कम नजर आता है तो समझ जाइए कि वो कपड़ा सिकुड़ गया है। ऐसा बहुत अधिक गर्म पानी में कपड़े को धोने या फिर कपड़े को अधिक ड्रायर के कारण होता है। इसलिए आप किसी भी कपड़े को धोते समय गर्म पानी और अधिक ड्रायर का इस्तेमाल न करें। बेहतर होगा कि आप किसी भी नए कपड़े को धोने से पहले उस पर लगे लेबल को पढ़ लें।

कपड़ों से रंग का निकलना: कई बार ऐसा होता है कि कपड़ों को मशीन में धोते समय उसमें से रंग निकल जाता है और अन्य कपड़ों पर भी लग जाता है। आमतौर पर यह समस्या अधिकतर नए कपड़ों के साथ देखी जाती है। इसलिए यह सलाह दी जाती है कि जब भी आप किसी नए कपड़े को पहली बार धोएं तो उसे सीधे मशीन में धोने की बजाय अलग से हाथों से धोएं। वहीं, कपड़ों को धोते समय उस पर लगे लेबल को जरूर पढ़ें।

धोते समय कपड़ों पर दाग लगना: कई बार ऐसा भी होता है कि कपड़ों को धोते समय उन पर दाग लग जाते हैं और इसका कारण है कपड़ों की जेब में कुछ न कुछ होना। इसलिए बेहतर होगा कि जब भी आप कपड़ों को मशीन में डालने लगे तो उससे पहले जेब को अच्छी तरह चेक करें। अगर संभव हो तो कपड़ों को उल्टा करके धोएं। ऐसा करने से कपड़ों को धोते समय उन पर किसी तरह का दाग नहीं लगेगा।

कपड़ों का फेड होना: आमतौर पर गलत तरीके से कपड़ों को सुखाने के कारण उनका रंग फेड हो जाता है। दरअसल, कई लोग नमी और बैक्टीरिया से छुटकारा पाने के लिए आमतौर पर कपड़ों को तेज धूप में सुखा देते हैं, लेकिन सीधे सूर्य की रोशनी के संपर्क में आने से कपड़ों का रंग फेड हो जाता है। इसलिए बेहतर होगा कि आप अपने धोए हुए कपड़ों को हल्की धूप या फिर हवा में कुछ समय के लिए ही सुखाएं।

दीपिका पादुकोण के साथ दोबारा बन सकती है रजनीकांत की जोड़ी

साउथ इंडस्ट्री के भगवान का दर्जा पा चुके रजनीकांत जल्द ही एक बार फिर दीपिका पादुकोण के साथ रोमांस करते नजर आ सकते हैं। दोनों इससे पहले फिल्म कोचादाइयां में साथ काम कर चुके हैं और अब एक बार फिर पर्दे पर साथ दिख सकते हैं। अब जो प्रशंसक दोनों को फिर साथ देखने को इंतजार कर रहे हैं, यह उनके लिए किसी खुशखबरी से कम नहीं है। आइए जानते हैं इस बारे में और क्या जानकारी मिली है। एक रिपोर्ट के मुताबिक रजनीकांत ने एजीएस एंटरटेनमेंट के साथ एक फिल्म साइन कर ली है। देसिंगु पेरियासामी इस फिल्म के निर्देशन की कमान संभालेंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि फिल्म की लीड हीरोइन के लिए दीपिका

पादुकोण से बातचीत चल रही है। हालांकि, अभी इस खबर की आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन कहा जा रहा है कि रजनीकांत और दीपिका दोबारा स्क्रीन शेयर करने के लिए

बेहद उत्साहित हैं। दीपिका और रजनीकांत पहली बार फिल्म कोचादइयां के लिए साथ आए थे। इस फिल्म को बनाने में काफी खर्च हुआ था। हालांकि, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फेल हो गई, वहीं दीपिका और रजनीकांत की जोड़ी भी दर्शकों को कुछ खास पसंद नहीं आई थी।

सिंघम 3 में अजय देवगन की जगह साउथ अभिनेता ठाकुर अनूप सिंह बनेंगे सिंघम?

सिंघम फ्रेंचाइजी की फिल्मों ने बॉलीवुड में अच्छी प्रतिक्रियाएं हासिल की हैं। इस फ्रेंचाइजी की अब तक दो फिल्में बन चुकी हैं। सिंघम और सिंघम रिटर्न्स की सफलता ने अजय देवगन को एक नया मुकाम दिया है। काफी समय से फिल्म सिंघम 3 को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। अब इस फिल्म से जुड़ी एक बड़ी जानकारी सामने आ रही है। खबरों की मानें तो सिंघम 3 में अजय की जगह साउथ अभिनेता ठाकुर अनूप सिंह सिंघम बनेंगे। ठाकुर अनूप बताया है कि वह सिंघम 3 में अजय द्वारा निभाए गए सिंघम के किरदार में नजर आएंगे। इस फ्रेंचाइजी की दोनों फिल्मों में अजय ने सिंघम का किरदार निभाया था। इस किरदार के जरिए उन्होंने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया था। ठाकुर अनूप इस फिल्म से बॉलीवुड की फिल्मों में डेब्यू करने वाले हैं। वह तमिल की सुपरहिट फिल्म सिंघम 3 में अभिनेता सूर्या के अपोजिट खलनायक के किरदार में नजर आए थे। भले ही उन्होंने तमिल फिल्म सिंघम 3 में मुख्य खलनायक का रोल निभाया है, लेकिन इसकी हिन्दी रीमेक में वह लीड हीरो के रूप में दिखेंगे। उन्होंने कहा, अगर आपने साउथ की फिल्म सिंघम 3 देखी होगी, तो जानते होंगे कि फिल्म में सूर्या सर पुलिस वाले के किरदार में थे। मैं फिल्म में एक विलेन के किरदार में था। फिल्म की हिन्दी रीमेक में मैं सूर्या सर के किरदार में दिखूंगा। फिल्म की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। ठाकुर अनूप ने इस फिल्म को लेकर अपनी खुशी जाहिर की है। उन्होंने बताया कि इस फिल्म को चर्चित प्रोड्यूसर गुड्डू धनोआ निर्देशित करेंगे। धनोआ को लेकर उन्होंने कहा, फिल्म को धनोआ निर्देशित करने जा रहे हैं। ये मेरी वाकई खुशनसीबी है कि जिन्होंने कई बड़े कलाकारों को लॉन्च किया है, वह शख्स मुझे भी बॉलीवुड में लॉन्च करने जा रहा है।

फराह खान के निर्देशन में म्यूजिक वीडियो बनने से निधि अग्रवाल का सपना साकार

अभिनेत्री निधि अग्रवाल जल्द ही अभिनेता सोनू सूद के साथ फराह खान द्वारा निर्देशित एक म्यूजिक वीडियो में नजर आएंगी। इस प्रसिद्ध कोरियोग्राफर-निर्देशक के साथ काम करने का मौका मिलने से अभिनेत्री रोमांचित हैं। गाने की शूटिंग पंजाब में हो रही है और इसमें सोनू एक किसान से पुलिस वाला बनने का किरदार निभाते नजर आएंगे। अपने उत्साह को साझा करते हुए निधि ने बताया, मैंने फराह मैम और सोनू सर के साथ गाने की शूटिंग में बहुत अच्छा समय बिताया। किसी भी अभिनेता के लिए फराह खान द्वारा कोरियोग्राफ करना हमेशा एक सपना होता है, लेकिन मैं तब से डबल ट्रीट में थी। वह इसे निर्देशित भी कर रही थीं। निधि के लिए, फराह द्वारा निर्देशित किया जाना भी बहुत खास है क्योंकि यह बाद की निर्देशित ओम शांति ओम थी, जिसने अभिनय की दिशा में आईशंकरस्मार्ट अभिनेत्री को आगे बढ़ाया। निधि कहती हैं, इसकी शूटिंग के दौरान मुझे बहुत अच्छा लगा, क्योंकि मैंने ओम शांति ओम देखी थी और मुझे पता था कि मैं एक अभिनेत्री बनना चाहती हूं! मैं इसे देखने के लिए आप सभी का इंतजार नहीं कर सकती। फिल्म की बात करें तो, निधि पवन कल्याण की अगली हरि हर वीरा मल्ली और उदयनिधि स्टालिन की अगली फिल्म में दिखाई देंगी।

इन तरीकों से करें प्रेशर कुकर का इस्तेमाल, सुरक्षित होगा खाना बनाना

प्रेशर कुकर की मदद से खाना बनाना जितना आसान है, ठीक उतना ही मुश्किल प्रेशर कुकर का इस्तेमाल करना है क्योंकि अगर आपको इसके इस्तेमाल की सही जानकारी नहीं होगी तो आपको इससे खतरा भी हो सकता है। उदाहरण के लिए, अगर प्रेशर कुकर का ढंग से इस्तेमाल न किया जाए तो इसके फटने की संभावना बढ़ जाती है जिससे आपको भी चोट पहुंच सकती है। चलिए फिर आज प्रेशर कुकर का सही इस्तेमाल करने के तरीके जानते हैं।

सबसे पहले प्रेशर कुकर को चेक करें- अगर आप प्रेशर कुकर का इस्तेमाल करने वाले हैं तो इससे पहले अच्छे से चेक कर लें कि इसमें कोई दरार या छेद तो नहीं है। यह भी सुनिश्चित करें कि प्रेशर कुकर की सीटी खराब तो नहीं है। दरअसल, प्रेशर कुकर में खाना पकाने के लिए स्टीम प्रेशर का इस्तेमाल होता है और दरार या छेद के कारण दुर्घटना हो सकती है। इसलिए इसके इस्तेमाल में ज्यादा सावधानी बरतने की जरूरत है।

प्रेशर कुकर और व्यंजन के अनुसार डालें पानी: प्रेशर कुकर में व्यंजन बनाने के लिए पानी का इस्तेमाल किया जाता है, इसलिए जब भी आप कोई भी व्यंजन बनाएं तो इसमें प्रेशर कुकर की क्षमता के अनुसार ही पानी डालें। इसके अलावा अलग-अलग खास व्यंजनों को पकाने के लिए आवश्यक पानी की मात्रा अलग-अलग हो सकती है और पानी डालते समय इसका बात की भी ध्यान रखें। कुकर में अधिक पानी न डालें और इसमें भांप बनने के लिए पर्याप्त जगह रहने दें।

खाना पकाने की प्रक्रिया से शुरू करें- व्यंजन के मुताबिक पानी डालने के बाद आपका अगला कदम सीटी को ठीक से लगाना, ढक्कन को सील करना और इसे गैस पर रखना होना चाहिए। सुनिश्चित करें कि आपने प्रेशर कुकर को अच्छी तरह से बंद किया है ताकि इससे कोई दुर्घटना न हो। इसके अलावा खाना बनाते समय प्रेशर कुकर की सीटी को न छुएं क्योंकि इससे खाना बनने में काफी समय लग सकता है।

ढक्कन तुरंत न खोलें: अगर आपने प्रेशर कुकर में कोई व्यंजन बनाया है तो इसके बनने के तुरंत बाद कुकर का ढक्कन न खोलें क्योंकि इसमें बहुत भांप होती है और इससे आप जल सकते हैं। बेहतर होगा कि आप पहले प्रेशर कुकर की भांप को निकालें। इसके लिए एक करछी का इस्तेमाल करके सीटी को थोड़ा उठाएं। इससे भांप बाहर निकल जाएगी और कुछ देर बाद आप आसानी से ढक्कन खोल सकते हैं।

मैं अपने कम्फर्ट जोन से बाहर निकलना चाहती हूं: मृणाल ठाकुर

अभिनेत्री मृणाल ठाकुर का कहना है कि वह खुद को तलाशते रहना चाहती हैं और खुद को अपने कम्फर्ट जोन से बाहर निकालना चाहती हैं। मृणाल ने टेलीविजन शो कुमकुम भाग्य में अपने अभिनय से पहचान हासिल की। उन्होंने 2018 में नाटक लव सोनिया के साथ फिल्मों में कदम रखा। 28 वर्षीय अभिनेत्री को बाद में सुपर 30 और बाटला हाउस जैसी फिल्मों में देखा गया। उनकी नवीनतम फिल्म स्पोर्ट्स ड्रामा तूफान है, जिसका निर्देशन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता राकेश ओमप्रकाश मेहरा ने किया है। इसमें फरहान अख्तर और परेश रावल भी हैं। अपनी यात्रा को देखते हुए, मृणाल ने बताया, मैं सिर्फ एक बहुमुखी अभिनेत्री के रूप में पहचान बनाना चाहती हूं और मैं खुद को और शैलियों की खोज करना चाहती हूं। मैं विभिन्न निर्देशकों के साथ काम करना चाहती हूं। मैं यह सुनिश्चित करना चाहती हूं कि मैं बाहर निकलूं मेरे कम्फर्ट जोन से, ये मैंने फरहान (अख्तर) से सीखा है। मृणाल अपने काम से अपने प्रशंसकों को प्रेरित करना चाहती हैं। उन्होंने आगे कहा, मैं लोगों को प्रेरित करना चाहती हूं। मैं सिर्फ यह सुनिश्चित करना चाहती हूं कि मैं एक ऐसी फिल्म का हिस्सा हूं जो दर्शकों पर प्रभाव छोड़ेगी। मृणाल को शाहिद कपूर के साथ अपनी आने वाली फिल्म जर्सी और आंख मिचोली की रिलीज का इंतजार है।

वन-टू-वन

केंद्र सरकार की रियल योजनाओं को आगे बढ़ाएंगे : डॉ गुप्ता'

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड(ब्यूरो)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता चिकित्सा प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष डॉक्टर सुशील गुप्ता को केंद्रीय रेल मंत्री ने उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज जॉन में क्या सदस्य नियुक्त किया गया है द्य

डॉक्टर सुशील गुप्ता को केंद्रीय रेल मंत्री ने उत्तर मध्य रेलवे परामर्श यात्री कोटे के तहत विशेष अभिरुचि कोटे के तहत मनोनीत किया गया है कई बार रेलवे बोर्ड में अच्छा-अच्छा सदस्य के रूप में रेल मंत्रालय की बैठकों में पहुंच कर भारत सरकार की रेल योजनाओं को बेहतर बनाने के लिए भारत सरकार और विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों का ध्यान अपने कई प्रस्ताव के साथ आकर्षित कराया 7

भाजपा नेता डॉ सुशील गुप्ता ने भारत सरकार में निवर्तमान केंद्रीय रेल मंत्री पीयूष गोयल एवं पार्टी प्रदेश उपाध्यक्ष भिंड दतिया लोकसभा सांसद श्रीमती संध्या राय के के प्रति आभार व्यक्त किया है और कहा कि जो जिम्मेदारी मुझे दी है 7 मैं पूर्ण कर्तव्य और निष्ठा के साथ भारतीय रेलवे के विकास के लिए अपने प्रस्ताव और सुझावों से मंत्रालय को अवगत कराएंगे ताकि रेल भारतीय जनमानस की एक आवागमन की व्यवस्था है साथ ही भिंड दतिया जिले से कई गाड़ियों को चलाने के लिए भारत सरकार और मंत्रालय को अपना प्रस्ताव भेजेंगे द्य

भाजपा नेता डॉ गुप्ता को मदन मोहन मालवीय स्मृति भवन में देश के विद्वान रेल जोन के सदस्यों की नई दिल्ली में आयोजित बैठक के दौरान श्री कृष्ण गौतम को समन्वय समिति का राष्ट्रीय संयोजक और डॉक्टर गुप्ता को राष्ट्रीय संयोजक तथा केंद्रीय कार समिति का सदस्य मनोनीत किया गया द्य

डॉ गुप्ता ने बताया जोनल मीटिंग में उत्तर मध्य रेलवे के इलाहाबाद आगरा झांसी अंतर्गत रेलवे स्टेशन आते हैं उनका निरीक्षण कर शुभ धाम एवं खानपान स्वच्छता आदि व्यवस्थाओं का रेलवे विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया जाएगा द्य

डॉ गुप्ता को प्रयागराज जॉन का सदस्य बनाए जाने पर प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व विधायक चौधरी मुकेश सिंह चतुर्वेदी भाजपा जिलाध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर प्रदेश के सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री ओ पी एस भदौरिया पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों में अवधेश सिंह कुशवाह, केशव सिंह भदौरिया, कोक सिंह नरवरिया, वीरेंद्र सिंह राणा, संजीव कांकर, रमेश दुबे, शिव शंकर समाधिया, रोमेश महंत अमरीश शर्मा गुड्डू देवेंद्र सिंह नरवरिया, श्रीमती कृष्णकांता तोमर, अशोक चौधरी, रवि सेन जैन, राजेंद्र शर्मा राजे जिला उपाध्यक्ष भरत शर्मा, गुरदेव सिंह नरवरिया ,राजकुमारी जैन उषा नगरिया, अमित दुबे, डॉ शिव कुमार रेजौरिया, डॉ तरुण शर्मा, सिद्धार्थ जैन ,विकास शर्मा, प्रिंस दुबे, अजय सिंह भदौरिया, आनंद बरुआ एडवोकेट, अमृतपाल सिंह बघेल एडवोकेट, विक्रांत सिंह कुशवाहा, एडवोकेट आर पी सिंह बघेल एडवोकेट ,मोर्चा जिला अध्यक्ष सीमा शर्मा ,श्रीमती सुशीला नरवरिया ,अनीता चोपड़ा, रक्षपाल सिंह राजावत सुंदर पाल सिंह कुशवाह, सत्येंद्र सिंह भदोरिया,सौमित्र अग्रवाल, अशोक सिंह कुशवाह मंडल अध्यक्षों में प्रदीप सिंह भदोरिया टीपू,अमित जैन,शेरू पचौरी आदि प्रमुख है ।

डिजिडटलाइजेशन की दिशा में बिजली कंपनी ने बढ़ाए कदम

पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ

दैनिक पुष्पांजली टुडे

(झाबुआ के 36385 किसानों के खातों में 10.04 करोड़ डीबीटी से जमा)

क्षाबुआ । केंद्र शासन के डिजिटलाइजेशन अभियान के क्रियान्वयन में पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने और तेजी लाकर किसानों की सब्सिडी डीबीटी से प्रारंभ की है। अब सिंचाई के बिजली कनेक्शनों की सब्सिडी डीबीटी से दी जा रही है। पश्चिम मप्र में सबसे पहले झाबुआ जिले का चयन कर सफलतापूर्वक 10.04 करोड़ रूपए की सब्सिडी राशि बैंक खातों में जमा की गई हैं।

मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक अमित तोमर ने बताया कि कंपनी क्षेत्र के 15 जिलों में सबसे पहले आदिवासी बहुल झाबुआ जिले का चयन डायरेक्टर बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के लिए किया गया था। राज्य शासन के निर्देश पर यहां के सभी किसान हितग्राहियों के आधार, बैंक खाते, खसरा आदि का मिलान किया गया। मुख्यालय से दल भेजकर सभी हितग्राहियों का इस योजना के लिए प्रतिपरीक्षण भी कराया गया, किसानों से संवाद किया गया, योजना की जानकारी बताई गई। इसके बाद परीक्षण के तौर पर एक किसान के खाते में सब्सिडी जमा की गई। श्री तोमर ने बताया कि पूरे सिस्टम की चैकिंग के बाद अब राज्य शासन के निर्देश पर झाबुआ जिले के सभी पात्र 36 हजार 385 किसानों के बैंक खातों में दस करोड़ चार लाख रूपए की सिंचाई रकम सब्सिडी के रूप में जमा की गई है। प्रत्यक्ष लाभ अंतरण(डीबीटी) के लिए इंडस इंड बैंक में विशेष रूप से वर्चुअल खातें खुलाए गए है। प्रबंध निदेशक श्री तोमर ने बताया कि इस योजना के सफलतापूर्वक संचालन में निदेशक मनोज झंवर, मुख्य महाप्रबंधक संतोष टैगोर, कार्यपालक निदेशक संजय मोहासे, झाबुआ के तत्कालीन अधीक्षण यंत्री एससी वर्मा, मौजूदा अधीक्षण यंत्री पीएस चौहान, मुख्यालय अधीक्षण यंत्री अंतिम जैन, नोडल अधिकारी गौतम कोचर का सराहनीय योगदान रहा।

भाजपा सांसद संध्या राय ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर संसदीय क्षेत्र की समस्याओं से कराया अवगत

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड(ब्यूरो)।भारतीय जनता पार्टी प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भिंड दतिया लोकसभा सांसद श्रीमती संध्या राय ने भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर लोकसभा संसदीय क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं से अवगत कराया और उन्हें पत्र सौंपा 7

भाजपा मीडिया सेंटर प्रभारी अजय शर्मा द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि क्षेत्रीय सांसद श्रीमती संध्या राय ने रेल मंत्री को पत्र सौंपकर निर्धारित बिंदुओं पर चर्चा की और उनका ध्यान आकर्षित करते हुए बताया कि लोकसभा क्षेत्र भिंड जिले में वर्तमान बिजली ट्रैक का कार्य लगभग पूर्ण होने की स्थिति मैं है और क्षेत्रवासियों को जिले से राजधानी भोपाल एवं दिल्ली की ट्रेन का आने जाने का नवीन ट्रेन का उद्घाटन किया जा सके जिससे क्षेत्रवासियों को बहुत लाभ पहुंचेगा 7 अभी वर्तमान में ट्रेन इटावा आगरा धौलपुर होकर ग्वालियर आती है , जिनकी दूरी अधिक है 7

भिंड ग्वालियर ट्रैक पर बिजली का कार्य पूर्ण होने से इटावा से ग्वालियर की महज 100 किलोमीटर की दूरी है 7 इसी क्रम में मेरे लोकसभा क्षेत्र भिंड सोनी गोहद एवं

मालनपुर जो कि औद्योगिक केंद्र भी हैं इससे औद्योगिक क्षेत्र को भी बढ़ावा मिलेगा 7श्रीमती राय ने केंद्रीय रेल मंत्री का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि लोकसभा क्षेत्र के मां पीतांबरा माई की नगरी भी मेरे लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आती है 7 यहां से भी प्रतिदिन हजारों श्रद्धालुओं का आना एवं जाना लगा रहता है वहां पर इन ट्रेनों का (02155 हबीबगंज 02715 सचखंड 0261 साथ मंगला एक्सप्रेस) का ठहराव होना चाहिए जो कि बहुत महत्वपूर्ण है ।

उन्होंने कहा कि ग्राम बसई जिला दतिया में उत्कल एक्सप्रेस का स्टॉप किया जाए ताकि यात्री गणों को आने जाने में कोई दिक्कत ना हो 7 जल्द से जल्द नवीन ट्रेन का उद्गम स्टॉपेज कराने की कृपा करें ।

सांसद श्रीमती राय ने केंद्रीय रेल मंत्री को पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि लोकसभा के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र की रेल संबंधित विभिन्न समस्याओं से आपका ध्यान आकर्षित करा रही हूं ।

मेरे क्षेत्रवासी घंटो घंटो लंबे समय से जाम की स्थिति से गुजर रहे हैं जिससे उनके जीवन शैली एवं रोजगार पर जटिल प्रभाव पड़ रहा है एवं बेहद कठिन परिस्थिति में आवागमन कर रहे हैं इस समस्या से निजात दिलाने के लिए भिंड जिले के अंतर्गत 3 ओवर ब्रिज होना अत्यंत महत्वपूर्ण है 7 स्थान- 1).भिंड रेलवे स्टेशन के पास ,

2).सोनी मेहगांव गोरमी मार्ग पर,

3).गोहद चौराहे एवं प्रभारी हेड मार्ग पर,

आपसे आग्रह है कि तीन ओवर ब्रिज बनाने की अनुमति प्रदान करें जिससे जनमानस सुगम यात्रा कर सके ।

युवा गहोई सेना ने भव्यता के साथ वृक्षारोपण कर मनाई मैथिलीशरण गुप्त जयंती

वृक्षों का जीवन में विशेष महत्व-CMHO आर बी कुरेले

नर हो न निराश करो मन को- अभय

दतिया(अर्पित गुप्ता)

श्री मैथिलीशरण गुप्त जी की जयंती के उपलक्ष्य में दतिया के लोकप्रिय समाजसेवी युवा गहोई सेना के संस्थापक अभय गुप्ता नेताजी के नेतृत्व में गहोई कालौनी के मंदिर में दद्दा जी के चित्र पर मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी आर बी कुरेले व विशेष अतिथि रानीपुर पार्षद प्रदीप गुप्ता, मनोज गुप्ता, आशीष खरे, राजेश मोर आदि अतिथियों ने दद्दा जी के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं वृक्षारोपण किया गया तथा ष्टरूाह्र आर बी कुरेले जी को कोरोना के दौरान अच्छे कार्यों के लिए कोरोना वारियर्स सम्मान से सम्मानित किया गया तथा माई का चित्र भेंट किया गया तथा रमेश इटौरिया, डॉ कपिल गुप्ता, संतोष मलैया विशेष रूप में उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि ष्टरूाह्र कुरेले जी ने वृक्षारोपण कर उपस्थिति लोगों को वृक्षों का जीवन में महत्व बताया तथा सभी को अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया। और पार्षद प्रदीप गुप्ता जी ने मैथिलीशरण गुप्त जी के जीवन पर प्रकाश डाला तथा उनकी कविताओं से देश को स्वतंत्र कराने के लिए युवाओं को प्रेरित किया। और अभय ने नर हो, न निराश करो मन को, कुछ काम करो, कुछ काम करो जग में रह कर कुछ नाम करो, यह जन्म हुआ किस अर्थ अहो समझो जिसमें यह व्यर्थ न हो,कुछ तो उपयुक्त करो तन को नर हो, न निराश करो मन को के माध्यम से सभी उपस्थित लोगों का आभार प्रकट किया। तथा कक्षा 12 मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर रितिक गुप्ता को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष स्वप्निल नीखरा, अभिनव, अंश, अजय, विक्की, आयुष, राज, सुमित, कौस्तुभ, निखिल, निहाल, उत्सव,श्याम,देव,रामू, राजेश, शिवम, रानू, विशाल, अनमोल, सुंदर, अमन, यश आदि युवा और गणमान्य नागरिक अधिक उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री विकास योजना के अंर्तगत स्कूल भवन का हुआ शिलान्यास

अमलेंदु झा ब्यूरो, पुष्पांजली टुडे

रोसड़ा विधानसभा क्षेत्र 139 के माननीय विधायक श्री बीरेंद्र कुमार के द्वारा जहांगीरपुर वार्ड न.12 में मुख्यमंत्री विकास योजना अंर्तगत स्कूल भवन का शिलान्यास रखा। इस गांव में स्कूल नहीं होने से गांव के लोगों को बहुत दिक्कत का सामना करना पड़ता था।

शिलान्यास कार्यक्रम के मौके पर भाजपा के वरिष्ट नेता रामतीरथ जी,जिला उपाध्यक्ष रामाशंकर राय,रोसड़ा नगर अध्यक्ष मोहन पटवा,जेडीयू मंडल अध्यक्ष अखिलेश सिंह, रोसड़ा ग्रामीण प्रभारी नीरज चौधरी,पूर्व ग्रामीण मंडल अध्यक्ष नुनु प्रसाद झा,विमलेश जी, विधानसभा संयोजक अनीश राज, विधानसभा प्रभारी सुनील राय, बिरहा पक्षिम के पूर्व मुखिया फंटूस जी, सुंदरम सूर्यवंशी,,रणधीर सिंह,अविनाश झा एवं अन्य कार्यकर्ताओं के साथ साथ क्षेत्र के बड़े बुजुर्ग उपस्थित रहे।

खुशी दांतरे ने हाईं स्कूल परिक्षा मे 97% अंक प्राप्त किये

वृजपाल सिह गुर्जर, पुष्पांजली टुडे

मेहगांव ~ बेटी खुशी दांतरे ने हाई स्कूल मे 97त्न अंक प्राप्त कर दुतीय स्थान प्राप्त किया बेटियां किसी भी क्षैत्र मे बेटो से कम नही,

खुशी दांतरे सुपुत्री धर्मेंद्र दांतरे प्रपोत्री स्व0 रामेश्वर दयाल दांतरे पूर्व बिधायक विधानसभा क्षैत्र मेहगांव ने अमेटी इंटरनेशनल स्कूल ग्वालियर से कक्षा 10 वी मे 97त्न अंक प्राप्त कर अपने स्कूल से द्वितीय स्थान प्राप्त करते हुऐ अपने स्कूल के अध्यापक गण एंव अपने परिवार जनो व मित्रगणो हर्शोल्लास की लहर के साथ सम्मानित गौरव प्राप्त किया है,

खुशी दांतरे इस उपलब्धि के लिए अपने गुरुजनो एंव अपने माता पिता को श्रैय देते हुऐ आगे लगन के साथ अपनी शिक्षा मे आगे प्रथम स्थान हासिल करने के लिए श्रम साधना के सहयोग अपनी शिक्षा मे उतकृष्ट स्थान पाने के लिए कटिबद्ध है,

खुशी दांतरे को परिजनो एंव इष्टमित्रों से लगातार बधाई शुभकामनाएं मिल रही है।

पर्यावरण संरक्षण संकल्प के तहत किया वृक्षारोपण

ब्यूरो पुष्पांजली टुडे

पाली। रोहट पंचायत समिति की ग्राम पंचायत कलाली के रामपुरा,कलाली, भुरियासनी के राजकीय विद्यालयों में में मंगलवार को बा-बापू वृक्षारोपण अभियान के अन्तर्गतपौधारोपण किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम की अध्यक्षता कलाली सरपंच अशोक बरवड़ ने की।

बरवड़ ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री की प्रेरणा से और पंचायतीराज विभाग के निर्देशानुसार स्कूल परिसर में फलदार, छायादार एवं सजावटी पौधों नीम ,चम्पा , अमरूद, शीशम इत्यादि प्रजातियों के पौधे लगाए गए।

पर्यावरण संरक्षण के प्रति रहना होगा हमें जागरूक-

वार्ड पंच व प्रदेश कांग्रेस एसबीसी प्रकोष्ठ के महासचिव धन्नाराम लोहार ने कहा कि पौधों से ही पर्यावरण संतुलन बना रहता है,

अच्छी वर्षा होती। जलस्त्रोत भरे रहते हैं एवं मिट्टी का कटाव भी नहीं होता।

पर्यावरण संरक्षण के प्रति बच्चों में प्रेम जागृत किया जाए और पौधारोपण के लिए उन्हें प्रेरित किया जाए।

उन्होंने कहा कि इस अभियान के अन्तर्गत राजकीय कार्यालयों, चारागाह भूमि, सड़कों के दोनों ओर छायादार पौधे लगाने का लक्ष्य है। सरपंच अशोक बरवड़कहा कि राजकीय कार्यालयों, विद्यालयों में अधिक से अधिक पौधारोपण के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में नर्सरी तैयार कर अधिक से अधिक पौधे लगाए जाएंगे।

इस दौरान- ग्राम विकास अधिकारी नेमाराम मेघवाल, उपसरपंच प्रतिनिधि बाबूलाल ढाका, सालगराम पटेल, डूंगराराम काला , वार्ड पंच देदाराम पटेल वार्ड पंच व युवा कांग्रेस नेता धन्नाराम लोहार , भंवरसिंह राजपुरोहित, माँगी लाल सरगरा, सोहन भाटी, अर्जुनदास वैष्णव, सत्यनारायण शर्मा , रमजान खान , प्रकाश मेघवाल कलाली, दिनेश सैन, हेमन्त साटिया, दुर्गाराम चौकीदार, इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

कोतवाली पुलिस की दबिश

07 जुआरी सहित 8035 रुपये जप्त शक्ति के साथ पैनी नजर कोतवाली पुलिस की

ब्यूरो पुष्पांजली टुडे

दतिया / पुलिस अधीक्षक श्री अमन सिंह राठौर जी के मार्गदर्शन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कमल सिंह मौर्य जी व एसडीओपी दतिया श्री सुमित अग्रवाल जी के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा ईदगाह मोहल्ले में आशी टेंट की दुकान के सामने से ताश पत्तों से रुपए पैसों से हार जीत का दाव लगाते 7 जुआरियों को गिरफ्तार किया।

इनकी हुई गिरफ्तारी

1-भैया लाल कुशवाहा पुत्र हरदास कुशवाह निवासी ईदगाह मोहल्ला दतिया

2-राहुल कुशवाह पुत्र बाबूलाल कुशवाह निवासी शिव नगर फाटक दतिया

3- शेरू शाह पुत्र नसरुद्दीन शाह निवासी ईदगाह मोहल्ला दतिया

4- सुरेंद्र पुत्र परशुराम निवासी बड़े अस्पताल के पास दतिया

5- टिंकल रावत पुत्र ठाकुर रावत निवासी आनंद टॉकीज दतिया

6- जावेद खान पुत्र सलीम खान निवासी शिव नगर फाटक दतिया

7- दिलीप पुत्र गजराज निवासी रिछरा फाटक दतिया

कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपियों के कब्जे से ?8035 नगदी तथा 01 ताश की गड्डी बरामद की गई

जुआरियों की गिरफ्तारी में इनकी रही मुख्य भूमिका थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रविंद्र शर्मा सउनि महेश श्रीवास्तव आर रविन्द्र यादव, आर पुष्पेंद्र यादव दिलीप प्रधान प्सवंत,राहुल बोध,सैनिक अखिलेश

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना का लाभ देने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में सदस्य मनोनीत किए गए

ब्यूरो पुष्पांजली टुडे

रानी पाली प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना नरेन्द्र मोदी की देश के 80 करोड़ लोगों तक मुफ्त राशन देने वाली इस योजना का लाभ जरूरत मदो तक पहुंचे इसके लिए चलने वाले अभियान के लिए मण्डल सह संयोजक भाजपा युवा मोर्चा इकाई मण्डल अध्यक्ष अजय कुमार जेन बिजोवा को मनोनीत करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा पाली जिलाध्यक्ष मनोहर कंवर राठौड़ , सोजत भाजपा शहर मण्डल मंत्री महेश सोनी , भाजपा मारवाड़ जंक्शन मण्डल महामंत्री रेखा चौहान , भाजपा पाली जिला मंत्री रेखा जैन , पार्षद प्रियंका धीरज नागौरा , भेरूलाल जांगीड़ , आदि कार्यकर्ता ने जैन को बधाई दी।

वन-टू-वन

विकलांग बल द्वारा ऐतिहासिक

वर्चुअल कार्यक्रम में निःशक्तजन आयुक्त ने किया समस्याओं का निराकरण

पंकज त्रिपाठी ब्यूरो, पुष्पांजली टुडे

भोपाल / राज्य सचिव सौरभ बघेल के अनुसार दिनांक 1 अगस्त को विकलांग बल (मध्यप्रदेश) के साप्ताहिक मंथन कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के निश्शक्तजन आयुक्त महोदय संदीप रजक ने जुड़कर ऑनलाइन वर्चुअल वीडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा राज्य के विकलांगजनों की समस्याओं का एतिहासिक रूप से निराकरण किया। इस कार्यक्रम से पहले विकलांग बल के समस्त पदाधिकारियों द्वारा प्रदेश के विकलांगजन की समस्याओं को अपने लेटर पैड पर टाइप करके आयुक्त महोदय को मेल कर परिवाद लगाया गया।निशक्तजन आयुक्त महोदय ने प्रत्येक समस्या ग्रस्त विकलांग से उनके घर से ही उनकी समस्या पर विडियो कोंफ्रेंस द्वारा गंभीरता से विचार विमर्श कर पूरी जानकारी प्राप्त की और उन्हें न्याय का पूरा भरोसा दिलाया। इनमें विकलांगजनों को नौकरी से निकालने, राहत राशि या आवश्यक उपकरण न देने, पुलिस द्वारा अनुचित व्यवहार करने जैसी सैंकड़ों समस्याएं थीं। उसके बाद विकलांग बल ने सार्वजनिक रूप से विकलांगों की समस्या को आयुक्त महोदय के समक्ष रखीं जो इस प्रकार है - कोई भी जनप्रतिनिधि विकलांगों की समस्याओं का निराकरण नहीं करता। अतः चुनाव में विकलांगो के लिये 5त्न आरक्षण मिले। आयुक्त महोदय ने निर्वाचन आयोग को इस विषय में पत्र लिखने का आश्वासन दिया है। मध्यप्रदेश के प्रत्येक जिले में विकलांगों के साथ मारपीट जैसे जघन्य अपराध हो रहे हैं, विकलांग बल ने पड़ताल की है कि पुलिस, प्रशासन यहां तक कि न्यायाधीश को भी को विकलांग के प्रति कानूनी धाराओं तक की जानकारी नहीं है। आयुक्त महोदय संदीप रजक जी ने सभी एसपी को नोटिस देकर प्रशासन को इन कानूनों की जानकारी देने का वादा किया है। विकलांग बल द्वारा कई अन्य समस्या भी उठाई जैसे वैक्सीनेशन केंद्र में विकलांगों का ध्यान नहीं रखा जा रहा, हर जिले की आवास योजना में विकलांग को नजरअंदाज किया जा रहा है, मध्य प्रदेश के विकलांग कर्मचारियों को ट्रांसफर पॉलिसी में नजरअंदाज किया जा रहा है, शासकीय विभागों में विकलांगजनों के बैकलॉग पद रिक्त पड़े हैं। सभी समस्याओं के लिए निशक्तजन महोदय ने नोटिस द्वारा कलेक्टर एवं संबंधित अधिकारियों को चेतावनी देने का आश्वासन दिया है । निशक्तजन आयुक्त महोदय जी ने विकलांग बल के निवेदन पर आश्वासन दिया है कि वह फिर इसी प्रकार ऑनलाइन वर्चुअल प्रोग्राम में फिर से आएंगे और जो समस्याएं रह गई है उन्हें भी दूर करेंगे उपरोक्त सभी समस्याओं को हल करने का आश्वासन और वादा करके निशक्तजन महोदय मीटिंग से विदा हुए। विकलांग बल संगठन और प्रदेश के सभी विकलांग साथियों की ओर से आभार प्रकट करते हुए आयुक्त महोदय को यह सुझाव एवं प्रस्ताव भी देना चाहेंगे कि आप अपने कड़ी कार्यवाही एवं नोटिस के द्वारा विकलांग जनों की समस्या का समाधान करें फिर भी नहीं होता है तो जिले की सामाजिक न्याय विभाग या निशक्तजन कार्यालय भोपाल की एक टीम समस्या ग्रस्त विकलांग के स्थल पर पहुंचकर जांच करके उसकी समस्या का समाधान कर सकते हैं किसी भी प्रकार से कर्मचारियों के निशक्तजन कार्यालय के कमी या निशक्तजन महोदय द्वारा आयोजित किसी भी कार्यक्रम में वर्कर्स की कमी हो तो विकलांग बल के मजबूत सशक्त और शिक्षित प्रशिक्षित कार्यकर्ता स्वयंसेवक के रूप में निशुल्क आपके साथ कार्य करने को तत्पर एवं बेताब है। निशक्तजन महोदय के एक संकेत पर विकलांग बल से हजारों शिक्षित प्रशिक्षित विकलांग बल कार्यकर्ता आपके सहयोग के लिए उपस्थित रहेंगे। मीटिंग का संचालन प्रदेश सलाहकार जसवंत जी एवं राज्य सचिव सौरभ बघेल ने किया अंत मै आभार प्रकट प्रदेश प्रभारी हेमंत कुशवाह और उपाध्यक्ष विनोद पाठक ने किया।

युवक का मिला शव

संजय सिंह रिपोर्टर, पुष्पांजली टुडे

आगरा / जैथरा थाना क्षेत्र के गांव नगला धोकल सोमवार सुबह आम के बाग में युवक का सब मिलने से सनसनी फैल गई सोच के लिए गए ग्रामीणों ने परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने गांव के लोगों पर ही हत्या का आरोप लगाया। वहीं पुलिस का मानना है कि मामला हत्या का लग रहा है। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही मामले के बारे में पता लग सकता है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम धोकल निवासी सुरजन सिंह 20 पुत्र सौदान सिंह का सब गांव के बाहर आम के बाग में सोमवार को सुबह पड़ा मिला जब ग्रामीण समाज के लिए खेतों की ओर गए सब को देखा तो इसकी जानकारी परिवार वालों को दी पिता ने 2 लोगों पर आरोप लगाया है क्योंकि दो लोगों से ही उसकी रंजिश चल रही थी किसी को लेकर गला दबाकर हत्या करने के बाद सबको बाग में लटका कर भाग गए। थानाध्यक्ष सुधीर कुमार का कहना है जांच की जा रही है प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है पोस्टमार्टम आने के बादबाद जांच की जाएगी।

पुलिस ने 36 घंटे के अंदर 4 शातिर चोर व लुटेरे दबोचे

बिना नंबर की एक अपाचे मोटरसाइकिल, तीन प्लेट सौर ऊर्जा, 7 बैटरी, 1 घरेलू गैस गैस सिलेंडर बड़ा और 8500 रुपए नगद बरामद

सोनू कुमार माथुर, पुष्पांजली टुडे

एटा। जनपद में पुलिस द्वारा लगातार चोर लुटेरों के खिलाफ कार्रवाई जारी है इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ओमप्रकाश सिंह के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी राजकुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में तथा प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली जगदीश चंद्र की टीम और एसओजी टीम ने मिलकर नगला गलू आगरा रोड से चेकिंग के दौरान चार शातिर चोर लुटेरों को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। आपको बता दें इस दौरान पुलिस ने दूरबीन सिंह पुत्र चरण सिंह, गौरव पुत्र सुकरमपाल, सुनील पुत्र दयाराम तीनों निवासी हिम्मतपुर थाना कोतवाली देहात एवं राहुल पुत्र कमलेश निवासी मोहब्बतपुर थाना निधौली कला जनपद एटा के पास से एक सफेद रंग की अपाचे मोटरसाइकिल बिना नंबर प्लेट और तीन सोलर ऊर्जा की प्लेट 7 बैटरी 12 वोल्ट 1 घरेलू बड़ा गैस सिलेंडर तथा लूट व चोरी में 8500 रुपए बरामद किए हैं। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि उन्होंने अलीगढ़ के

नौरंगाबाद कस्बे के कुंदन नगर टीकाराम कॉलोनी निवासी एक दंपत्ति केंद्र पुत्र जगतपाल से उनकी पत्नी के साथ छितौनी पुल बाईपास पर एक सोने की चेन व अंगूठी लूटी थी। वहीं ग्राम नगला कंचन कोतवाली देहात से 2 बैटरी चोरी की थी। शिखा पेट्रोल पंप से सोलर ऊर्जा 3 प्लेट चोरी की थी, इसौली जलेसर मार्ग पर एक दूध की डेरी से बड़ा घरेलू गैस सिलेंडर चोरी किया था। वहीं रेलवे रोड एटा से एटीएम का पिछला दरवाजा तोड़कर 6 बैटरी और पीपल अड्डा पर स्थित इंडिया वन एटीएम से 8 बैटरी चोरी की थी। इन शातिर चोर लुटेरों ने जिला पंचायत से दो बैटरी चोरी की थी। वहीं कई अन्य घटनाओं का भी इन अपराधियों ने कबूल नामा किया है।

पुलिस थाना हजीरा टीम ने अवैध शराब के साथ एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार

सुरजीत सिंह राजावत क्राइम

ग्वालियर-पुलिस थाना हजीरा बहुत दिनों से फूटी शराब की तलाश में थी कल रात मुखबिर की सूचना पर पवन झा को सुभाष नगर ग्वालियर से अवैध शराब बेचते हुए रंगे हाथ पकड़ा तो उसके पास थैले में 30 फूटी शराब के पैकेट मिले मिले । धारा 34(1)आबकारी एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया । पुलिस थाना हजीरा टीम में एएसआई शैलेंद्र सिंह चौहान, प्रधान आरक्षक हरी प्रताप सिंह चौहान ,महेश लोधी ,आरक्षक जनक सिंह हेमंत गिरजा शंकर मुदगल शामिल रहे । जानकारी के अनुशार यह शराब टेट्रा पैक में राजस्थान से आती है राजस्थान में इसकी कीमत मात्र ?70 है मात्रा 180द्वद्य व्हिस्की है । ग्वालियर शहर में इसकी कीमत ?100 हो जाती है।

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न

चेकिंग अभियान के दौरान तेज ध्वनि मोडिफाइड साइलेंसर लगे होने पर बुलेट मोटरसाइकिल का हुआ चालान

सोनू कुमार माथुर. पुष्पांजली टुडे

एटा। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी हेमचंद्र गौतम की अध्यक्षता में मंगलवार को दो पहिया वाहनों के डीलर्स विशेषकर रॉयल इनफील्ड बुलेट के डीलर्स/ वर्कशॉप के संचालकों के साथ बैठक की गई। ध्वनि प्रदूषण के मद्देनजर मा0 उच्च न्यायालय खंडपीठ लखनऊ द्वारा स्वय~ संज्ञान लेते हुए तेज ध्वनि मोडिफाइड साइलेंसर लगे वाहनों पर सख्त कार्यवाही के आदेश हैं, जिसके तहत तेज ध्वनि मोडिफाइड साइलेंसर लगे होने पर 15 हजार रुपए जुर्माने का प्रावधान है। इसी क्रम में यात्री मालकर अधिकारी अभिनव चौधरी द्वारा दिनांक 3 अगस्त मंगलवार को जनपद के विभिन्न मार्गों पर चेकिंग अभियान

के दौरान 12 मोटर साइकिलों के प्रपत्रों सहित साइलेंसर की जांच की गई, जिसमें 1 बुलेट मोटरसाइकिल तेज ध्वनि लगे साइलेंसर मिलने पर तत्काल चालन की कार्यवाही की गई। इसके अलावा रोडवेज रंग में अनाधिकृत मिलने पर तीन बसों को सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक तथा टीएसआई द्वारा निरुद्ध किया गया, साथ ही पांच बसों का चालन भी किया गया। उक्त अभियान में एआरएम राजेश यादव व यातायात उप निरीक्षक बचान सिंह शाक्य के साथ प्रवर्तन कार्मिक तथा यातायात कर्मी सम्मिलित रहे।

रूपावास ग्राम पंचायत में राजस्थान हरियालो संरक्षण के तहत पौधा रोपण किया

ब्यूरो पुष्पांजली टुडे

पाली निकटवर्ती रूपावास ग्राम पंचायत में एकादशी ग्यारस के अवसर पर श्री द्वारकाधीश सेवा समिति में व केरला, मुलियावास, राउनगर, आदि ग्रामीणक्षेत्र के दौरान भारती जनता पार्टी के नेता एवं समाजसेवी हरिभाई के नेतृत्व में व ग्रामीणो के पूरूषो व महिलाओ के सहयोग से पर्यावरण राजस्थान हरियालो संरक्षण संकल्प का संदेश दिया है कि पोधा हमारा जीवन का आधार है ओर यही धरती का श्रृंगार है । हम सभी को अधिकाधिक पौधा रोपण करने हेतु संकल्प बध्द होना होगा ।जब ही यह पृथ्वी हरी भरी व शुद्ध वातावरण दे सकेगी । तथा इसी पर विभिन्न प्रकार के फलदार व छायादार पोधा रोपण कर पौधो की देख रेख के लिए जिम्मेदार सौंपी गई है ।

इस मौके पर भाजपा ओ बी सी महिला मोर्चा सदस्य नाजू देवी ऑजणा,पुर्व जिला परिषद सदस्य श्रीदेवी पटेल ,सरपंच सुरेश बंजारा, भगवत सिंह जोधा, हरीगोपाल , कैलाश परमार , भंवरलाल, बाबुलाल, सोहन व भरत आँजणा, नारायण व पताराम मेगवंशी सहित कई ग्राम वासी मौजूद थे।

भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरी एटा पालिका के सभासद ने अब ईओ को हटाने की मुहिम छेड़ी

सोनू कुमार माथुर

एटा पालिका परिषद में नित नए हंगामे हो रहे हैं आज वार्ड नम्बर 24 की सभासद रेनु गुप्ता अपने सहयोगियों के साथ अपर जिलाधिकारी प्रशासन को ज्ञापन देने पहुंची, उन्होंने नगर पालिका के ईओ डॉक्टर दीप वार्ष्णेय पर आरोप लगाया कि वैठक में मिनट टू मिनट कार्यक्रम की रूपरेखा उन्हें नही दी गई, जबकि इस आरोप के बारे में जीओ की बात पुछी गई तो उन्होंने बताया कि उसे ज्ञापन के साथ सलंग्न किया है, जबकि ज्ञापन में ऐसा कोई दस्तावेज नही लगाया गया था, सभासद केवल ईओ को हटाने पर अड़ी हुई थी, आपको बतादें कि एटा पालिका पर इन दिनों भ्रष्टाचार के आरोपों से चहुंओर घिरी हुई है, पूरे नगर में जलजमाव हुआ पड़ा है, सीवर के कार्य में भी धीमी गति नगर वासियों को परेशानी का सबब बन गई है, जब भी कोई बोर्ड की मीटिंग होती है तो सभासदों में जमकर कुर्सी मेज़ चलते रहती है ऐसे में जब एटा की दशा और दिशा को ठीक करने में जुटा अधिकारी डॉक्टर दीप वार्ष्णेय इन लोगों की आंखों की किरकिरी बन गए हैं और जब उनपर कोई आरोप नही लगा पाए तो वेवूनियाद आरोप लगाकर उनको हटाने के लिए दिया गया ज्ञापन भी इन सभासद महोदय का एक नया हथियार बन गया है, देखना है कि जिलाधिकारी महोदय इस मामले पर क्या कार्यवाही करते हैं ।

द लोकल कलाकार'द्वारा ऑनलाइन कला, क्राफ्ट, हैंडीक्राफ्ट व हैंडलूम प्रदर्शनी सम्पन्न

प्रदर्शनी में देश के 50 कलाकार हुए शामिल

पुष्पांजली टुडे, भोपाल(अर्पित गुप्ता)

द लोकल कलाकार÷ द्वारा एक ऑनलाइन कला, क्राफ्ट, हंडीक्रफ्ट एवं हैंडलूम प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमे देश के 50 कलाकारों ने भाग लिया।यहां बता दें कि ÷द लोकल कलाकार÷ द्वारा ÷मैड बाय कालाकार ÷एक पहल शुरू किया गया।जिससे 10 लाख से अधिक कारीगरों और महिला उद्यमियों को ष्टह्लङ्कद्बष्ठ-19 के कारण हुए आर्थिक व्यवधान से उबरने में मदद मिले।यह पहल ÷द लोकल कलाकार÷ के इंस्टाग्राम एवं फेसबुक पेज के माध्यम से कलाकार(कारीगरौ)अथवा खरीदार को जोड़ेगी के लक्ष्य से चलाया गया।

द लोकल कलाकार के संस्थापक श्री गोविंदा का कहना है,इस महमारी में कालाकारो के लिए भी लोगो को सोचना चाहिए उनके द्वारा बनाई गई हाथ से बने वस्तु हमें खरीदने चाहिए, जिससे इस महमारी में उनको भी मदद होगी तथा पीएम मोदी के अभियान ÷लोकल के लिए वोकल बनें÷ पर भी जोर देने की जरूरत,और हमारे देश को आत्मानबीर भारत बनने में मदद मिलेगी। साथ ही यहां बता दें की शहर की जनता के साथ देशवासियों ने भी ÷द लोकल कलाकर÷के कार्य की सराहते हुए तारीफ भी की है।

सद्कर्मो से मनुष्य महान बनता है : माधोसिंह दीवान

पुष्पाजंली टुडे , नारायणलाल सैणचा

जोधपुर~ बिलाड़ा सीरवी समाज के धर्मगुरू एवं पूर्व काबिना मंत्री माधोसिंह दीवान की पत्नी महारानी देवेंद्र कुमारी लाड़ीसा की 22वीं पुण्यतिथी पर शनिवार को प्रबुद्धजनों ने उन्हे श्रद्धा से याद किया इस आयोजित धर्मसभा में धर्मगुरू माधोसिंह दीवान ने कहा की मनुष्य को सद्कर्म करने चाहिए व सद्कर्मो से मनुष्य महान बनता है।महापुरूषों को उनके द्वारा किए पुनित कार्यो के लिए ही हमेशा याद किया जाता है ।इस मोके पर कवि कन्हैयालाल शर्मा ने कहा की लाड़ीसा के लिए पुण्य कर्म सदैव याद रहेंगे ।डॉ . मोहनलाल चौधरी ने कहा कि लाड़ीसा निर्बल का सहारा थीं । महेश गहलोत ने लाड़ीसा को बहुप्रतिभा का धनी बताया सीरवी समाज महासभा महासचिव भंवरलाल सैणचा ने लाड़ीसा को गरीबों की मसीहा बताया।सरपंच ताराराम सीरवी ने कहा कि लाड़ीसा भक्तिभाव में सदैव लीन रहती थीं

।मदनभाई मोदी ने उनके जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही ।बासनी जोधराज के भंवरलाल सेपटा ने लाड़ीसा नेक निर्भीक एवं सादगी की प्रतिक थी। इस मोके पर डॉ.जी.एस.राजपुरोहित ,दलपत सीरवी म?डला,डिम्पल सीरवी बिलावास,गौरी चौधरी, नारायणलाल सीरवी मंडला, प्रधान धोबली देवी,उपप्रधान कन्हैयालाल ओझा, चेतनसिंह झाला ,मांगीलाल सोयल, देवाराम सोयल,मंगलाराम देवासी सहित बड़ी संख्या में सीरवी समाजबंधुओं ने लाड़ीसा के चित्र पर पुष्प व माल्यार्पण कर श्रद्धा से याद किया।

वन-टू-वन

निर्माण कार्य रुका तो रुक जायेंगी वेतन वृद्धियाँ

ग्वालियर। उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण (स्वतंत्र प्रभार) एवं नर्मदा घाटी विकास राज्य मंत्री श्री भारत सिंह कुशवाह ने कहा कि नर्मदा घाटी विकास परियोजना में प्रस्तावित सभी सिंचाई परियोजनाओं को तय समय-सीमा में पूरा कराया जाये। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को परियोजनाओं के निर्माण की सतत मॉनिटरिंग करना चाहिये। राज्य मंत्री श्री कुशवाह सोमवार को नर्मदा घाटी विकास भवन के सभाकक्ष में विभागीय समीक्षा कर रहे थे। राज्य मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि नर्मदा घाटी विकास अंतर्गत सभी सिंचाई परियोजनाओं को समय पर पूरा कराने के लिये इंजीनियर्स निर्माण एजेंसियों से लगातार सम्पर्क में रहें और यह सुनिश्चित करें कि काम नहीं रुके। अपर मुख्य सचिव श्री आई.पी.सी. केशरी ने इंजीनियर्स को हिदायत देते हुए कहा कि निर्माण कार्यों में अनावश्यक विलम्ब हुआ और निर्माण एजेंसियों द्वारा कार्य रोका गया, तो इसके लिये संबंधित इंजीनियर्स जिम्मेदार होंगे। निर्माण कार्य रुकने पर अधिकारियों की वेतन वृद्धियाँ भी रुक सकती हैं। बैठक में मुख्य अभियंता, अधीक्षण यंत्री और कार्यपालन यंत्री मौजूद थे।

महिला से सामूहिक दुष्कर्म

ग्वालियर। शहर गोला का मंदिर थाना क्षेत्र में स्थित मेला मैदान में सब्जी बेचने वाली एक महिला के साथ आरोपियों ने मारपीट कर सामूहिक दुष्कर्म कर डाला ।पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है ।जानकारी के अनुसार गोला का मंदिर थाना क्षेत्र के मेला मैदान में 42 साल की एक महिला सब्जी विक्रेता है। बीते रोज भाई सब्जी बेचने के बाद घर जा रही थी तभी रास्ते में सुरेश धाकड़ वासू शाक्य शहजाद खान कान्हा साहू ने उसे रोक लिया और गाली गलौज कर उसे सब्बल मारकर घायल कर दिया। इसके बाद उसे जबरन अपने साथ ले गए और सामूहिक दुष्कर्म किया ।किसी तरह महिला आरोपियों के चंगुल से भागकर थाने पहुंची और पूरी घटना से अवगत कराया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

सूने घर से नगदी गहने चोरी

ग्वालियर। शहर के इंदरगंज थाना क्षेत्र में स्थित गेड़े वाली सड़क पर चोरों ने एक सूने मकान के ताले चटका दिया और वहां से नगदी गहने चोरी कर ले गए। पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी है ।जानकारी के अनुसार इंदरगंज थाने के गेड़े वाली सड़क निवासी कमलेश राणा 2 दिन पहले कहीं बाहर गए थे। तभी चोरों ने उनके सूने मकान के ताले चटका दिए और घर से नगदी गहने चोरी कर ले गए ।पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

युवक फांसी पर झूला, महिला ने जहर खाया

ग्वालियर। शहर बहोड़ापुर थाना क्षेत्र के रामा जी का पुरा में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली ।वहीं इसी थाने के मेवाती मोहल्ले में रहने वाली एक महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया उसे गंभीर हालत में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है ।जानकारी के अनुसार बहोड़ापुर थाना क्षेत्र के रामा रामा जी का पुरा निवासी दीपू जाटव बीती रात बाजार से आया और खाना खाकर कमरे में सोने चला गया। सुबह परिजनों ने जाकर देखा तो उसका शव कमरे में फांसी पर लटक रहा था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और मृतक के शव को पीएम के लिए भेज मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। वहीं इसी थाने के मेवाती मोहल्ला निवासी रूबी बेगम पत्नी अरबाज खान ने जहरीला पदार्थ खा लिया उसे गंभीर हालत में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है महिला ने अपने जेब से परेशान होकर जहर खाया था पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

कर्मचारी आवास कॉलोनी में रोपे पौधे

ग्वालियर। साई लीला सेवा संस्था द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम निगम आयुक्त शिवम वर्मा एवं अनूप सिंह एडीशनल कमिश्नर परिवहन निगम मध्यप्रदेश की मौजूदगी में कर्मचारी आवास कॉलोनी महलगांव सिटी सेंटर ग्वालियर स्थित सार्वजनिक पार्क में किया गया। जिसमें हर व्यक्ति के नाम का एक एक पौधा रोपा गया।

अंचल में बाढ़ का तांडव ,रतनगढ़ सिंध नदी पर बना पुल बह गया, कई जगह बाढ़ के हालात

ग्वालियर। पिछले दिनो से जारी अत्यधिक बारिश से ग्वालियर जिले से होकर गुजर रही सिंध व पार्वती नदी उफान पर हैं। साथ ही हरसी बांध सहित अन्य नदी-नालों से अत्यधिक जल बहाव हो रहा है। इससे जिले के लगभग दो दर्जन गाँव व मजरे-टोले प्रभावित हुए हैं। प्रभावित गाँवों व मजरे-टोलों में जिला प्रशासन के दलों द्वारा युद्ध स्तर पर राहत और बचाव कार्य चलाए जा रहे हैं। जल भराव से प्रभावित गाँवों के लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाया गया है। कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अमित सांघी ने भितरवार क्षेत्र में जल भराव से प्रभावित गाँवों में पहुँचकर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। साथ ही निर्देश दिए कि हर जरूरतमंद तक प्रशासन की मदद पहुँचाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक घाटीगाँव व मोहना क्षेत्र में भी पहुँचे। साथ ही हरसी बांध सहित अन्य जलाशयों का जायजा भी उन्होंने लिया। अत्यधिक बारिश एवं नदी-नालों में पानी बढ़ने से विशेषकर

ग्वालियर जिले के प्रमुखतः भितरवार तहसील के ग्राम प्रभावित हुए हैं। कलेक्टर श्री सिंह के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन, पुलिस, जिला पंचायत एवं राज्य आपदा प्रबंधन की टीमें प्रभावित गाँवों व मजरे-टोलों में राहत और बचाव कार्य अंजाम देने में जुटी हैं। साथ ही भारतीय सेना की टुकड़ी की मदद भी ली जा रही है। लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाने के लिये सीमा सुरक्षा बल की नावों को भी लगाया गया है। जल भराव से प्रभावित गाँवों के लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाने के साथ-साथ भोजन व दवाओं की भी पुख्ता व्यवस्था की गई है। स्थानीय ग्राम पंचायतों सहित रानीघाटी गौशाला व धूमेश्वर मंदिर परिसर सहित अन्य स्थानों पर प्रभावित लोगों के लिये भोजन की व्यवस्था की गई है।

बाढ़ प्रभावित गाँव एवं प्रभावित लोगों के लिये व्यवस्था

अनुविभागीय राजस्व अधिकारी भितरवार अश्विनी राय एवं जिला पंचायत से प्राप्त बाढ़ प्रभावित ग्राम धोबट, लोढ़ी, कठौद व गधौटा गाँव के निवासियों को लखेश्वरी मंदिर एवं बाजना ग्राम में शिफ्ट किया गया है। इसी तरह ग्राम खेड़ा के लोगों को भोजला की पहाड़िया पलायछा, पवाया की निचली बस्ती के लोगों को पवाया गाँव के ही ऊँचे स्थानों पर पहुँचाया गया है। इसके अलावा डडूमर व मोहनगढ़ के लोगों को देवगढ़ के पंचायत भवन व स्कूल में शिफ्ट किए गए हैं। ग्राम सहारन व घाटखेरिया के लोगों को भी सुरक्षित स्थानों पर पहुँचा दिया गया है। ग्राम खरगोली के लोगों को बागवई हाईस्कूल में शिफ्ट किया गया है। लुहारी निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाने के बाद धूमेश्वर मंदिर पवाया में भोजन व्यवस्था की गई है। ग्राम पलायछा व मसूदपुर निवासियों को गाँव के नजदीक भोजला की पहाड़िया, मछरिया व बांसोड़ी ग्राम के लोगों को भितरवार में सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया गया है। इसी तरह श्यामपुर व धाकड़खिरिया के लोगों को करहिया पहाड़ पर शिफ्ट किया गया है। बसई गाँव के लोगों को केरूआ में शिफ्ट किया गया है। संबंधित ग्राम पंचायत के माध्यम से इन सभी के लिए भोजन की व्यवस्था कराई गई है। इनके अलावा आदमपुर, नजरपुर, खेड़ा भितरवार, नवीन बस स्टेण्ड बस्ती भितरवार, सांसन, बासोड़ी, जखवार, सिलहा, सिंघारन, इकहरा व गड़ाजर में भी जल भराव हुआ है। यहाँ के लोगों को भी सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाकर भोजन-पानी सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था की गई है।

दहेज में 10 लाख और सफारी के लिए सगाई तोड़ी

ग्वालियर। सगाई के बाद ससुराल वालों ने दहेज में 10 लाख और सफारी की मांग कर डाली। जब वधू पक्ष में उनकी मांग पूरी करने में असमर्थता जताई तो ससुराल वालों ने सगाई तोड़ दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ दहेज एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार थाटीपुर थाना क्षेत्र के कुम्पुहरा निवासी मिथिलेश की सगाई मरीमाता महल गांव निवासी विक्की से 28 मई को हुई थी। सगाई के बाद बी के पिता लाल जी मां राजा बेटी भाई देवेंद्र मोना ने शादी में 10 लाख रुपए और एक सफारी तथा बारातियों के लिए अंगूठी तथा रुपयों की मांग की। वधू पक्ष के लोगों ने उन्हें समझाने का प्रयास किया कि हमारी इतनी हैसियत नहीं है ।तो वर पक्ष वालों ने सगाई सगाई तोड़ दी इसके बाद लड़की पक्ष के लोग थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई पुलिस ने ससुराल वालों के खिलाफ दहेज एक्ट के तहत मामला दर्ज कर





स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478